# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

01 जून, 2018


## कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्रों का दौरा

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रदेश के 85 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने दिनांक 01 जून, 2018 को लखनऊ परिक्षेत्र में स्थित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षक किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने नेशनल पी0जी0 कालेज एवं काली चरण डिग्री कालेज स्थित परीक्षा केन्द्र पर चल रही परीक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र पर छात्रों के लिए शीतल पेयजल, प्रकाश एवं हवा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। इलाहाबाद सहित लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, नोएडा, बरेली तथा फैजाबाद परिक्षेत्र में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आज तीनों पालियों में परीक्षायें शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कुलपति प्रो0 सिंह के साथ ही विभिन्न परिक्षेत्रों में संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्रेक्षकों एवं उड़ाका दल की टीमें सघन दौरा कर रही है। प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा आयोजित कराने के प्रदेश सरकार के संकल्प को पूरी मुस्तैदी से अमल में लाया जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ0 जी0के0 द्विवेदी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत नकल मुक्त परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की ढील बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



*काली चरण डिग्री कालेज, लखनऊ स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी*









नेशनल पी0जी0 कालेज, लखनऊ स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी




काइस चर्च कालेज, कानपुर (परीक्षा केन्द्र– एस–010)






डॉ0 राम नरेश महाविद्यालय, चंगईपुर, जीयनपुर, जनपद–आजमगढ़ (परीक्षा केन्द्र– एस–819)



ग्रामोदय आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीरसिंहपुर, सरैया, सया, अम्बेडकर नगर (परीक्षा केन्द्र– एस–229)



इलाहाबाद, शनिवार, 2 जून, 2018

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

इलाहाबाद, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर व गोरखपुर से प्रकाशित

दिनेश शर्मा का अटपटा ज्ञान- 16

सेरेना और शारापोवा तीसरे दौर में -1



www.jansandeshtimes.in


## इलाहाबाद



# नकलविहीन परीक्षा कराने को मुविवि कुलपति ने किया निरीक्षण

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रदेश के 85 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ परिक्षेत्र में स्थित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

कुलपति प्रो. सिंह ने नेशनल पी.जी कालेज एवं काली चरण डिग्री कालेज स्थित परीक्षा केन्द्र पर चल रही परीक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिये केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र पर छात्रों के लिए शीतल पेयजल, प्रकाश एवं हवा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। इलाहाबाद सहित लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, नोएडा, बरेली तथा फैजाबाद परिक्षेत्र में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आज तीनों पालियों में परीक्षायें शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



परीक्षा देते परीक्षार्थी व निरीक्षण करते कुलपति

परीक्षा नियंत्रक डा. जी.के द्विवेदी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत नकल मुक्त परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की ढील बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल के कुछ जिलों में नकल विहीन परीक्षा का सख्ती से अनुपालन करने के लिये स्थानीय पुलिस की सहायता ली जा रही है।

दैनिक जागरण



युवा जागरण | 2017 | 50

# नकलविहीन परीक्षा कराने को वीसी ने किया केंद्रों का दौरा

जासं, इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की परीक्षाओं को नकलविहीन के लिए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने लखनऊ के कई केंद्रों का दौरा किया। कुलपति प्रो. सिंह ने नेशनल पीजी कालेज एवं काली चरण डिग्री कालेज स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। प्रो. सिंह ने कहा कि इलाहाबाद सहित लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, नोएडा, बरेली तथा फैजाबाद परिक्षेत्र में विभिन्न केंद्रों पर तीनों पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुईं।

अमर उजाला

अमर उजाला career | amarujala.com | लखनऊ | रविवार, 3 जून 2018 | 6

# यूपीआरटीओयू में वैदिक गणित भी

अमर उजाला ब्यूरो

**कुलपति ने कहा- तीन जून को इसके लिए इलाहाबाद में कार्यशाला**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) सत्र 2018-19 से वैदिक गणित पर सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स शुरू करेगा। शुक्रवार को लखनऊ में कुलपति प्रो. केएन सिंह ने यह जानकारी दी।

प्रो. सिंह ने बताया कि प्रदेश के किसी विवि में वैदिक गणित का पाठ्यक्रम नहीं चल रहा है। यूपी बोर्ड में इसे हाईस्कूल स्तर पर संचालित करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि गणित के शिक्षकों के लिए यह पाठ्यक्रम उपयोगी होगा। इस क्रम में 3 जून को इलाहाबाद में कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला में वैदिक व आधुनिक गणित के विशेषज्ञ चर्चा कर एक सुगम पाठ्यक्रम बनाएंगे।

इससे पहले प्रो. सिंह ने यहां पर कालीचरण पीजी कॉलेज व नेशनल पीजी कॉलेज में चल रही सत्रांत परीक्षाओं का निरीक्षण किया। परीक्षाएं प्रदेश के 75 जिलों में 85 केंद्रों पर चल रही हैं जिसमें राजधानी के दो केंद्र शामिल हैं। परीक्षाएं 29 मई से 7 जुलाई तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं व्यवस्थित चल रही हैं। इन्हें बेहतर ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। कुलपति ने इस दौरान केंद्र समन्वयकों से आगामी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया आदि के बारे में भी चर्चा की।

अमर उजाला | amarujala.com | इलाहाबाद | रविवार, 3 जून 2018

## न्यूज डायरी

# वैदिक गणित पर कार्यशाला आज

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में तीन जून को सुबह 11 बजे 'वैदिक गणित का औचित्य' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि एवं वक्ता वैदिक गणित, विद्या भारती रायपुर के राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र राव देशमुख होंगे। यह जानकारी कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ला ने दी। ब्यूरो

# मुक्त चिंतन News Letter

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

02 जून, 2018





*विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी*



*बी.बी.एस. पब्लिक डिग्री कालेज, कुण्डा, प्रतापगढ़*
*(परीक्षा केन्द्र– एस–094)*



*रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद, बिजनौर*
*(परीक्षा केन्द्र– एस–1077)*



*महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज, मुजफ्फरनगर*
*(परीक्षा केन्द्र– एस–1044)*



*राना प्रताप डिग्री कालेज, सुल्तानपुर*
*(परीक्षा केन्द्र– एस–023)*





झामबाबा महाविद्यालय, सुरजूपुर, जलालपुर, अम्बेडकर नगर(परीक्षा केन्द्र– एस–198)



फिरोज गाँधी कालेज, रायबरेली (परीक्षा केन्द्र– एस–442)

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित


A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

03 जून, 2018




*माननीय अतिथियों के साथ वार्ता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह जी*




## मुविवि में ''वैदिक गणित का औचित्य'' विषयक कार्यशाला

दिनांक 03 जून, 2018 को उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के विज्ञान विद्याशाखा द्वारा विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में ''वैदिक गणित का औचित्य'' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र राव देशमुख, राष्ट्रीय संयोजक, वैदिक गणित, विद्या भारती, रायपुर रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत कार्याशाला के संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता ने किया। आयोजन सचिव डॉ. श्रुति ने संचालन तथा कुलसचिव प्रो. जी.एस. शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यशाला के अन्य तकनीकि सत्रों में श्री देवेन्द्र राव देशमुख, रायपुर, डॉ. जे.पी. सिंह, लखनऊ, प्रो.पी.के. सिंह तथा डॉ. एस.एन. चौरसिया, इलाहाबाद, डॉ. संतोष कुमार सिंह, गोरखपुर, डॉ. उत्तम सिंह, डॉ. अरूण प्रताप सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. दिनेश गुप्ता आदि ने पाठ्यक्रम के स्वरूप निर्धारण में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।



संचालन करती हुई आयोजन सचिव डॉ. श्रुति एवं मंचासीन माननीय अतिथि



मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र राव देशमुख जी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए डॉ0 मनोज कुमार बलवन्त तथा माननीय कुलपति जी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए डॉ0 दिनेश गुप्ता एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन करते हुए माननीय अतिथि तथा सभागार में उपस्थित स्रोतागण एवं प्रतिभागी।





अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता





मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र राव देशमुख जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह
प्रदान करते हुए
माननीय कुलपति जी।



माननीय कुलपति जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति
चिन्ह प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि
श्री देवेन्द्र राव देशमुख जी





श्री देवेन्द्र राव देशमुख

## गणित सभी विज्ञानों का मूलाधार–देशमुख

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र राव देशमुख ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूलाधार है, परन्तु वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है।

उन्होंने कहा कि वैदिक गणित एवं गणित में कोई विषयगत अंतर नहीं अपितु पद्धति का अन्तर है। पाइथागोरस प्रमेय की व्याख्या बोधायन में है। शून्य से लेकर अंकिय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान है। श्री देशमुख ने कहा कि वैदिक गणित पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना स्वागत योग्य है। वैदिक गणित के अभ्यास द्वारा गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुँचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है।





प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने वैदिक गणित की महत्ता को स्वीकार किया है। जिसे हम गुलामी में लम्बे समय तक रहने के कारण भूल चुके थे। उन्होंने कहा कि हमें अपना विकास करना है तो यहाँ की संस्कृति और संस्कार की तरफ देखना होगा। प्रो. सिंह ने कहा कि प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो कि आगामी जुलाई सत्र से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहा है।







*धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुलसचिव प्रो. जी.एस. शुक्ला*



हिन्दी दैनिक

# इलाहाबाद एक्सप्रेस

....सच का आधार



वर्ष : 9 अंक : 65 इलाहाबाद, सोमवार 4 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपया



विविध : मिलकर काम करने से एशिया ... | विचार :तेल की उछाल पर लगे लगाम... | सिनेमा :अफेयर की अफवाहों के बीच डेट ...




# गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार : देशमुख

इलाहाबाद, 03 जून (हि.स.)। गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार है, परन्तु वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है। उक्त बातें देवेन्द्र राव देशमुख, राष्ट्रीय संयोजक, वैदिक गणित, विद्या भारती, रायपुर ने रविवार को उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में "वैदिक गणित का औचित्य" विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित एवं गणित में कोई विषयगत अंतर नहीं अपितु पद्धति का अन्तर है। पाइथागोरस प्रमेय की व्याख्या बोधायन में है। शून्य से लेकर अंकिय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान है। श्री देशमुख ने कहा कि वैदिक गणित पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना स्वागत योग्य है। वैदिक गणित के अभ्यास द्वारा गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुंचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने वैदिक गणित की महत्ता को स्वीकार किया है। जिसे हम गुलामी में लम्बे समय तक रहने के कारण भूल चुके थे। उन्होंने कहा कि हमें अपना विकास करना है तो यहां की संस्कृति और संस्कार की तरफ देखना होगा। प्रो. सिंह ने कहा कि प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में उ.प्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो जुलाई से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहा है।प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत कार्याशाला संयाजक डा. आशुतोष गुप्ता ने किया। आयोजन सचिव डा. श्रुति ने संचालन तथा कुलसचिव प्रो. जी.एस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के अन्य तकनीकि सत्रों में देवेन्द्र राव देशमुख रायपुर, डा. जे.पी सिंह लखनऊ, प्रो.पी.के सिंह तथा डा.एस.एन चौरसिया इलाहाबाद, डा. संतोष कुमार सिंह गोरखपुर, डा.उत्तम सिंह, डा.अरूण प्रताप सिंह, डा.आशुतोष गुप्ता, डा.दिनेश गुप्ता आदि ने पाठ्यक्रम के स्वरूप निर्धारण में महत्त्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

इलाहाबाद, सोमवार, 4 जून, 2018

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की





धोनी को नहीं पसंद 'माही सर' -13

जदयू ने बैठक कर राजनीतिक तापमान बढ़ाया - 15

## इलाहाबाद



# गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार : देशमुख

## जुलाई से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम : कुलपति

इलाहाबाद। गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार है, परन्तु वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है।

उक्त बातें देवेन्द्र राव देशमुख, राष्ट्रीय संयोजक, वैदिक गणित, विद्या भारती, रायपुर ने रविवार को उप्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में "वैदिक गणित का औचित्य" विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित एवं गणित में कोई विषयगत अंतर नहीं अपितु पद्धति का अन्तर है। पाइथागोरस प्रमेय की व्याख्या बोधायन में है। शून्य से लेकर अंकिय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान है। श्री देशमुख ने कहा कि वैदिक गणित पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना स्वागत योग्य है। वैदिक गणित के अभ्यास द्वारा गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते है, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुंचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने वैदिक गणित की महत्ता को स्वीकार किया है। जिसे हम गुलामी में लम्बे समय तक रहने के कारण भूल चुके थे। उन्होंने कहा कि हमें अपना विकास करना है तो यहां की संस्कृति और संस्कार की तरफ देखना होगा। प्रो.सिंह ने कहा कि प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो जुलाई से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहा है। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत कार्यशाला संयाजक डा. आशुतोष गुप्ता ने किया। आयोजन सचिव डा. श्रुति ने संचालन तथा कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के अन्य तकनीकि सत्रों में देवेन्द्र राव देशमुख रायपुर, डा. जेपी सिंह लखनऊ प्रोपीके सिंह तथा डाएसएन चौरसिया इलाहाबाद, डा.संतोष कुमार सिंह गोरखपुर, डाओम सिंह, डाअरूण प्रताप सिंह, डाआशुतोष गुप्ता, डादिनेश गुप्ता आदि ने पाठ्यक्रम के स्वरूप निर्धारण में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।



वैदिक गणित की कार्यशाला

सोमवार,04 जून, 2018

पिछले अंक

महिला क्रिकेट टीम की मलेशिया पर रिकॉर्ड जीत पेज 14 | नकली दवा की मार्केटिंग पर सजा पेज 15

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

अध्यादेश की मांग

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने एक बार फिर एससी-एसटी एक्ट के लिए अध्यादेश लाने की मांग की पेज 12






राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को वैदिक गणित पर आयेजित संगोष्ठी में उपस्थित लोग। ● हिन्दुस्तान

# मुक्त विवि वैदिक गणित पर शुरू करेगा कोर्स

इलाहाबाद | प्रमुख संवाददाता

## संगोष्ठी

- जुलाई से सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की होगी शुरुआत
- वैदिक गणित का औचित्य विषय पर रविवार को हुई कार्यशाला

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को वैदिक गणित का औचित्य विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विद्या भारती रायपुर वैदिक गणित के राष्ट्रीय संयोजक देवेन्द्र राव देशमुख ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूलाधार है, परन्तु वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी ही रहेगी।

उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है। कहा कि वैदिक गणित एवं गणित में कोई विषयगत अंतर नहीं अपितु पद्धति का अंतर है। वैदिक गणित के अभ्यास द्वारा गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने वैदिक गणित की महत्ता को स्वीकार किया है जिसे हम गुलामी में लंबे समय तक रहने के कारण भूल चुके थे। प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा, जो कि आगामी जुलाई सत्र से वैदिक गणित में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है।

अतिथियों का स्वागत कार्यशाला के संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता ने किया। आयोजन सचिव डॉ. श्रुति ने संचालन तथा कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में डॉ. जेपी सिंह, प्रो. पीके सिंह, डॉ. एसएन चौरसिया, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. उत्तम सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. दिनेश गुप्ता आदि ने पाठ्यक्रम के स्वरूप निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

महानगर
वर्ष 21 | अंक 349 | पृष्ठ 16
मूल्य : पांच रुपये

अमर उजाला

इलाहाबाद
सोमवार, 4 जून 2018
amarujala.com

स्पोर्ट्स

केन्या के खिलाफ मैचों का शतक लगाने उतरेंगे फुटबॉलर छेत्री
उत्तर प्रदेश



# गणित को रोचक, समृद्ध बनाएगी वैदिक गणित

## मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोले राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र राव देशमुख

अमर उजाला ब्यूरो

इलाहाबाद।

वैदिक गणित के अभ्यास से गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुंचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है। यह विचार वैदिक गणित, विद्या भारती रायपुर के राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र राव देशमुख ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए।

'वैदिक गणित का औचित्य' विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता देवेंद्र राव देशमुख ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार है लेकिन वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामनुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है। शून्य से लेकर अंकीय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान रहा है। वैदिक गणित एवं गणित में विषयगत अंतर नहीं बल्कि पद्धति का अंतर है।



### विवि में जुलाई से शुरू होगा सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स

अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ऐसा पहला विश्वविद्यालय होगा, जो आगामी जुलाई सत्र से वैदिक गणित में सर्टिफिकेट और डप्लोमा कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। कार्यशाला में संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता ने आगंतुकों का स्वागत, डॉ. श्रुति ने संचालन और प्रो. जीएस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञपित किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में डॉ. जेपी सिंह, प्रो. पीके सिंह, डॉ. एसएन चौरसिया, डॉ. संतोषा कुमार सिंह, डॉ. उश्रम सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. दिनेश गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इलाहाबाद, सोमवार
4 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

# दैनिक जागरण

www.jagran.com




जीएसटी रिटर्न न भरने वालों से वसूले 280 करोड़ रुपये } 13
हम दिल जीत रहे हैं, लड़ाई भी जीतेंगे } 11


# वैदिक गणित में डिप्लोमा शुरू करेगा मुक्त विवि

**जागरण संवाददाता ● इलाहाबाद**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में रविवार को वैदिक गणित का औचित्य शीर्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रायपुर स्थित विद्या भारती, वैदिक गणित के राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र राव देशमुख ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूलाधार है परन्तु वैदिक गणित के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि हमें अपना विकास करना है तो यहां की संस्कृति और संस्कार की तरफ देखना होगा। कहाकि उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो कि आगामी जुलाई सत्र से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट एवं डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। अतिथियों का स्वागत संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता एवं संचालन डॉ. श्रुति ने संचालन किया। प्रो. जीएस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर देवेंद्र राव देशमुख, रायपुर, डॉ. जेपी. सिंह, प्रो. पीके सिंह, डॉ. एसएन चौरसिया, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, डॉ. दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह।

## कार्यशाला

- राजर्षि टंडन मुक्त विवि में वैदिक गणित पर कार्यशाला आयोजित
- प्रदेश के पहले विश्वविद्यालय में शुरू होगा वैदिक गणित आधारित पाठ्यक्रम

# सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स जुलाई से

**इलाहाबाद।** वैदिक गणित के अभ्यास से गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुंचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है। यह विचार वैदिक गणित, विद्या भारती रायपुर के राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र राव देशमुख ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में रविवार को आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए।

'वैदिक गणित का औचित्य' विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता देवेंद्र राव देशमुख ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूल



आधार है लेकिन वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामनुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है। शून्य से लेकर अंकीय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान रहा है। वैदिक गणित एवं गणित में विषयगत अंतर नहीं बल्कि पद्धति का अंतर है।

अध्यक्षता करते हुए मुक्त विवि के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि प्रदेश के 32 विवि में राजर्षि टंडन मुक्त विवि ऐसा पहला विवि होगा, जो आगामी जुलाई सत्र से वैदिक गणित में सर्टिफिकेट और डप्लोमा कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। कार्यशाला में संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता ने आगंतुकों का स्वागत, डॉ. श्रुति ने संचालन और प्रो. जीएस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में डॉ. जेपी सिंह, प्रो. पीके सिंह, डॉ. एसएन चौरसिया, डॉ. संतोषा कुमार सिंह, डॉ. उश्रम सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता मौजूद रहे।

**दिनांक 04 जून, 2018 को विश्वविद्यालय के प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी**



श्री रतिराम महाविद्यालय, ग्रा. संकेत, नन्द गॉव, बरसाना रोड़, मथुरा
(परीक्षा केन्द्र– एस–450)



आर.बी.एस. इंजिनियरिंग कैम्पस, आगरा
(परीक्षा केन्द्र– एस–002)



इस्माइल नेशनल महिला पी.जी. कालेज, मेरठ
(परीक्षा केन्द्र– एस–019)



फिरोज गॉधी कालेज, रायबरेली
(परीक्षा केन्द्र– एस–442)



आर.एम.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीतापुर
(परीक्षा केन्द्र– एस–064)






राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर
(परीक्षा केन्द्र– एस–079)




क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर (परीक्षा केन्द्र– एस–010)



विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कालेज, कानपुर (परीक्षा केन्द्र– एस–011)



महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज, मुजफ्फरनगर (परीक्षा केन्द्र S-1044)



सुभाष चन्द्र बोस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कहली, तेरवां, गौसगंज, हरदोई (परीक्षा केन्द्र S-769)



ग्रामोदय आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीरसिंहपुर, सरैया, सया, अम्बेडकर नगर (परीक्षा केन्द्र– एस–229)

अमर उजाला
इलाहाबाद मंगलवार, 5 जून 2018
amarujala.com | नो प्लास्टिक | विश्व पर्यावरण दिवस आज : प्लास्टिक हैं खतरनाक, रहिए सावधान...11 | उत्तर प्रदेश

# मुक्त विवि में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की सत्र जुलाई 2018 की प्रवेश प्रक्रिया पांच जून से शुरू होने जा रही है। प्रदेश के सभी 11 क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध 800 से अधिक अध्ययन केंद्रों में शिक्षार्थी ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश प्रभारी डॉ. आरपीएस यादव ने बताया कि अत्यंत उपयोगी एवं समसामयिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग और कृषि के क्षेत्र में रोजगारपरक कार्यक्रमों के तहत डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोम इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन गुड्स टैक्स और एक विषय में द्विवर्षीय प्रमाणपत्र कार्यक्रम (कला एवं विज्ञान वर्ग) आदि इस सत्र से शुरू किए जा रहे हैं।

मंगलवार,05 जून, 2018 पिछले अंक
हिन्दुस्तान
विश्व पर्यावरण दिवस
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com

# मुक्त विवि में प्रवेश आज से शुरू होगी

इलाहाबाद। राजर्षि टंडन मुक्त विवि की सत्र जुलाई-2018 की प्रवेश प्रक्रिया पांच जून से शुरू होगी। प्रदेश के सभी 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 से अधिक अध्ययन केन्द्रों में ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी प्रवेश प्रभारी डॉ. आरपीएस यादव ने दी।



*लार्ड बुद्धा पी.जी. कालेज, रुपईडिहा, बहराइच (परीक्षा केन्द्र– एस–110)*

आज
महानगर
इलाहाबाद, सोमवार, ४ जून, २०१८

# गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार- देशमुख

## जुलाई से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम- कुलपति

गणित सभी विज्ञानों का मूल आधार है, परन्तु वैदिक गणित की ग्राह्यता के बिना गणित के ज्ञान की पूर्णता अधूरी रहेगी। आर्यभट्ट से लेकर रामानुज तक का कार्यकाल गणित की दृष्टि से भारत का स्वर्णिम काल रहा है।

उक्त बातें देवेन्द्र राव देशमुख, राष्ट्रीय संयोजक, वैदिक गणित, विद्या भारती, रायपुर ने रविवार को उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में "वैदिक गणित का औचित्य" विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित एवं गणित में कोई विषयगत अंतर नहीं अपितु पद्धति का अन्तर है। पाइथागोरस प्रमेय की व्याख्या बोधायन में है। शून्य से लेकर अंकिय पद्धति तक सभी में भारत का योगदान है। श्री देशमुख ने कहा कि वैदिक गणित पर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना स्वागत योग्य है। वैदिक गणित के अभ्यास द्वारा गणित को रोचक और समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक सरल विषय है लेकिन गणित को लेकर अभिभावक एवं अध्यापक भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, इसलिए लोगों तक वैदिक गणित को पहुंचाकर इस विषय को सरल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने वैदिक गणित की महत्ता को स्वीकार किया है। जिसे हम गुलामी में लम्बे समय तक रहने के कारण भूल चुके थे। उन्होंने कहा कि हमें अपना विकास करना है तो यहां की संस्कृति और संस्कार की तरफ देखना होगा। प्रो. सिंह ने कहा कि प्रदेश के ३२ विश्वविद्यालयों में उ.प्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो जुलाई से वैदिक गणित में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहा है। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत कार्याशाला संयाजक डा. आशुतोष गुप्ता ने किया।

आयोजन सचिव डा. श्रुति ने संचालन तथा कुलसचिव प्रो. जी.एस शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के अन्य तकनीकि सत्रों में देवेन्द्र राव देशमुख रायपुर, डा. जे.पी सिंह लखनऊ, प्रो.पी.के सिंह तथा डा.एस.एन चैरसिया इलाहाबाद, डा. संतोष कुमार सिंह गोरखपुर, डा.ऊधम सिंह, डा.अरूण प्रताप सिंह, डा.आशुतोष गुप्ता, डा.दिनेश गुप्ता आदि ने पाठ्यक्रम के स्वरूप निर्धारण में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

## स्टेडियम ब्वॉयज विजयी

आदित्य पाल की बेहतरीन पारी की मदद से स्टेडियम ब्वॉयज ने सेंट जोसेफ अकादमी को उसी के मैदान पर एक रन से हराकर तपस्थली ट्रॉफी अंडर-१४ क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक जुटाए।रविवार को खेले गए मैच में स्टेडियम ब्वॉयज ने २० ओवर में २ विकेट पर १४४ रन (आदित्य पाल ९५, अनुराग यादव ३२, सिद्धार्थ वर्मा व सौरभ एक-एक विकेट) बनाकर सेंट जोसेफ्स कालेज को २० ओवर में ६ विकेट पर १४३ रन (अभ्युदय प्रताप सिंह ६६, तन्मय मालवीय १९, कार्तिक २-१५, अभिषेक व अक्षत एक-एक विकेट) पर सीमित किया। आयोजन सचिव घनश्याम के अनुसार प्रतियोगिता में भाग ले रही मल्य आइस कूब की टीम को अनुशासनहीनता के कारण प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया है।

मुक्त चिंतन News Letter
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ
05 जून, 2018

# मुक्त विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ

## कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने किया उदघाटन



*ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी*

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई–2018 की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 05 जून, 2018 से प्रारम्भ हो गयी। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रवेश विवरणिका का विमोचन किया। विश्वविद्यालय पहुंचे कई छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन प्रवेश दिया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि सूचना एवं तकनीक के इस युग में विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय 800 से अधिक अध्ययन केन्द्रों तथा 11 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक एवं मूल्योन्मुखी उच्च शिक्षा के प्रकाश को लोगों के द्वारा तक पहुंचा रहा है। प्रो0 सिंह ने कहा कि भारत सरकार की 'डिजिटल इंडिया' मुहिम को सार्थकता प्रदान करते हुये विश्वविद्यालय ने प्रवेश, परीक्षा, स्व–अध्ययन सामग्री, अंकपत्र, अधिन्यास आदि समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया है। विश्वविद्यालय छात्रों में ज्ञान के साथ–2 कौशल का विकास करने के लिए नवाचारी व्यवस्थाओं द्वारा उच्च शिक्षा को व्यावहारिक आयाम प्रदान कर रहा है।

प्रवेश प्रभारी डॉ0 आर0पी0सिंह यादव ने इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो0 जी0एस0 शुक्ल, डॉ0 ओमजी गुप्ता, डॉ0 पी0पी0 दुबे, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, डॉ0 आशुतोष गुप्ता, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रो0 सुधान्शु त्रिपाठी, डॉ0 स्मिता अग्रवाल एवं डॉ0 मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रवेश प्रकोष्ठ ने कर्मचारियों तथा तकनीकी अधिकारियों की टीम ने प्रवेशार्थियों को ऑन लाइन प्रवेश की सरलतम प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रवेश के उपरान्त शिक्षार्थी प्रिन्ट आउट अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करेंगे।



प्रवेश विवरणिका का विमोचन करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा साथ में कुलसचिव, प्रवेश प्रभारी एवं विश्वविद्यालय के निदेशकगण।



विश्वविद्यालय पहुंचे कई अध्ययन केन्द्र के समन्वयक एवं छात्र–छात्रायें ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी से वार्ता करते हुए।



*प्रवेश विवरणिका के विमोचन के समय उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक एवं छात्र व छात्रायें*





*ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को समझते हुए कुलसचिव प्रो0 जी.एस. शुक्ल एवं उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

हिन्दी दैनिक
# इलाहाबाद एक्सप्रेस
....सच का आधार
वर्ष : 9 अंक : 67 इलाहाबाद, बुधवार 6 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपया

विविध :गुजरात में कहीं भी पेयजल की ... | विचार :देश के बेईमानों पर कारर्वाई ... | सिनेमा :रजनीकांत अभिनीत /काला/ के ...

## मुक्त विवि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ, कुलपति ने किया उदघाटन

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई 2018 की प्रवेश



प्रक्रिया का उद्घाटन कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रवेश अनुभाग में किया और मंगलवार से प्रारम्भ हो गयी। इस दौरान उन्होंने प्रवेश विवरणिका का विमोचन किया। विश्वविद्यालय पहुंचे कई छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि सूचना एवं तकनीक के इस युग में विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय 800 से अधिक अध्ययन केन्द्रों तथा 11 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक एवं मूल्योन्मुखी उच्च शिक्षा के प्रकाश को लोगों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार की 'डिजिटल इंडिया' मुहिम को सार्थकता प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय ने प्रवेश, परीक्षा, स्व अध्ययन सामग्री, अंकपत्र, अधिन्यास आदि समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया है। विश्वविद्यालय छात्रों में ज्ञान के साथ-साथ कौशल का विकास करने के लिए नवाचारी व्यवस्थाओं द्वारा उच्च शिक्षा को व्यावहारिक आयाम प्रदान कर रहा है। प्रवेश प्रभारी डा. आर.पी सिंह यादव ने कुलपति प्रो.सिंह का स्वागत किया और बताया कि प्रवेश के उपरान्त शिक्षार्थी प्रिन्ट आउट अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.जी.एस शुक्ल, डा.ओमजी गुप्ता, डा.पी.पी दुबे, डा.आरपीएस यादव, डा. आशुतोष गुप्त, प्रो. पी.के पाण्डेय, प्रो.सुधान्शु त्रिपाठी, डा.स्मिता अग्रवाल एवं डा.मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दैनिक जागरण

## मुक्त विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश शुरू

**जासं, इलाहाबाद :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई-2018 की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन किया व प्रवेश विवरणिका का विमोचन भी किया। विश्वविद्यालय पहुंचे कई छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि सूचना एवं तकनीक के इस युग में विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था की है। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय 800 से अधिक अध्ययन केंद्रों व 11 क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम चला रहा है। विश्वविद्यालय ने प्रवेश, परीक्षा, स्व-अध्ययन सामग्री, अंकपत्र, अधिन्यास आदि समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

बुधवार,06 जून, 2018 पिछले अंक
# हिन्दुस्तान

## मुक्त विवि में प्रवेश शुरू

**इलाहाबाद।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई-2018 की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से प्रारम्भ हो गयी। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रवेश विवरणिका का विमोचन किया। इस दौरान विवि पहुंचे कई छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन प्रवेश दिए गए।

# आज महानगर प्लस
इलाहाबाद, मंगलवार, ५ जून, २०१८

## मुक्त विश्वविद्यालयमें ऑनलाइन प्रवेश आज से

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद के सत्र जुलाई-२०१८ की प्रवेश प्रक्रिया पांच जून से प्रारम्भ हो रही है। प्रदेश के सभी ११ क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध ८०० से अधिक अध्ययन केन्द्रों में शिक्षार्थी ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। उक्त जानकारी प्रवेश प्रभारी डा. आर.पी.एस यादव ने देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने इस बार इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये हैं।

परम्परागत विश्वविद्यालयों में सीटों की सीमित संख्या होने के कारण प्रवेश से वंचित शिक्षार्थियों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने कई रोजगार परक एवं कौशल विकास युक्त कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं।

वर्तमान में अत्यन्त उपयोगी एवं समसामयिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेन्सिंग तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगारपरक कार्यक्रमों के तहत डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेन्ट, सर्टीफिकेट इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स तथा एकल विषय में द्वि वर्षीय प्रमाण पत्र आदि अनेक कार्यक्रम इस सत्र से प्रारम्भ किये जा रहे हैं। अंत में उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट 'डब्लू डब्लू डब्लू यूपीआरटीओयू डॉट एसी डॉट इन' पर उपलब्ध है।

# अमर उजाला
आज उड़ान कॉमर्शियल पायलट : करियर की उड़ान उत्तर प्रदेश

## मुक्त विवि में ऑनलाइन प्रवेश शुरू

**इलाहाबाद।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई-2018 की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रवेश प्रभारी डॉ. आरपी सिंह यादव, कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ल, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. पीपी दुबे, डॉ. आशुतोष गुप्त, प्रो. पीके पांडेय, प्रो. सुधांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मुक्त चिंतन

News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

05 जून, 2018


## परीक्षा समिति की 26वीं बैठक दिनांक 05 जून, 2018

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 26वीं बैठक दिनांक 05 जून, 2018 को सायं 04:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

बैठक में डॉ0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 पी0पी0 दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाख, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 आशुतोष गुप्ता निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 जी0के0 द्विवेदी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, एवं डॉ0 गिरिजा शंकर शुक्ल निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा/कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद उपस्थित रहे।













*परीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित सदस्यगण।*

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

05 जून, 2018


## पर्यावरण संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता आवश्यक – कुलपति



वृक्षारोपण करते हुए माननीय कुलपति
प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में क्लीन कैम्पस ग्रीन कैम्पस अभियान के अन्तर्गत यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सिंह ने वृक्षारोपण करते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। कहा कि आज प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुक्त विश्वविद्यालय में प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा रहा है। इसके लिये लोगों में चेतना जागृत की जा रही है। इस अवसर पर निदेशकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

06 जून, 2018

# योजना बोर्ड की 28वीं बैठक

दिनांक 06 जून, 2018

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की योजना बोर्ड की 28वीं बैठक दिनांक 06 जून, 2018 को मध्याहन 12:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रो0 एस0के0 सिंह, पूर्व कुलपति, म0प्र0 भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ0 आशुतोष गुप्ता निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 दिनेश सिंह, सहायक निदेशक/असिस्टेन्टप्रोफेसर, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, श्री डी0पी0 त्रिपाठी, वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (विशेष आमंत्रित) एवं डॉ0 गिरिजा शंकर शुक्ल निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा/कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद उपस्थित रहे।












*योजना बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*

# मुक्त चिंतन

News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

06 जून, 2018


## विद्या परिषद् की 52वीं (आपातकालीन) बैठक

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 52वीं (आपातकालीन) बैठक दिनांक 06 जून, 2018 को सायं 04:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

बैठक में प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद, कुलपति, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 पी0पी0 दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाख, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 आशुतोष गुप्ता निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो0 सुधाशु त्रिपाठी, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 टी0एन0 दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 सन्तोषा कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 साधना श्रीवास्तव असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,श्री सुनील कुमार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, एवं डॉ0 गिरिजा शंकर शुक्ल निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा/कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद उपस्थित रहे।








*विद्या परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*


हिन्दी दैनिक

इलाहाबाद एक्सप्रेस

....सच का आधार



वर्ष : 9 अंक : 68 इलाहाबाद, गुरूवार 7 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रूपया

विविध :रोजगार देने वाला बन रहा ... | विचार :एनपीए के फंदे में फँसी मुद्रा... | सिनेमा :एक्शन असली लगना चाहिए, मजाक ...

2 इलाहाबाद एक्सप्रेस इलाहाबाद, गुरूवार, 7 जून 2018 प्रदेश


# पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण की जरूरत : कुलपति



इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में "क्लीन कैम्पस ग्रीन कैम्पस" अभियान के अन्तर्गत यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। कहा कि आज प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुक्त विश्वविद्यालय में प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा रहा है। इसके लिये लोगों में चेतना जागृत की जा रही है। इस अवसर पर निदेशकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




इलाहाबाद, गुरूवार, 7 जून, 2018

जनसंदेश टाइम्स

परख सच की



दस दिन में किसानों का कर्ज माफ : राहुल- 15

www.jansandeshtimes.net




इलाहाबाद

# पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण की जरूरत : कुलपति


इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में क्लीन कैम्पस ग्रीन कैम्पस अभियान के अन्तर्गत यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। कहा कि आज प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुक्त विश्वविद्यालय में प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा रहा है। इसके लिये लोगों में चेतना जागृत की जा रही है। इस अवसर पर निदेशकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




वृक्षारोपण के बाद पानी देते कुलपति

अमर उजाला
लखनऊ
बृहस्पतिवार 7 जून 2018 17

न्यूज डायरी

## राजर्षि टंडन मुक्त विवि में दाखिले शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र जुलाई 2018-19 के दाखिले शुरू हो गए हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट uprtou.ac.in और admission.online-uprtou.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी टोल फ्री नंबर- 1800 120 111 333 पर तथा क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के 0522-2333764 व 7525048020 पर ले सकते हैं। राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नीरांजली सिन्हा ने बताया कि मुक्त विवि से अभ्यर्थी नौकरी करते हुए भी पढ़ाई कर सकता है।

गुरुवार, 07 जून 2018
लखनऊ LIVE युवा हिन्दुस्तान 22

# 26 केन्द्रों से कर सकते हैं आवेदन

राजर्षि टंडन

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में जुलाई के दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विवि के रीजनल को-ऑर्डिनेटर निलांजलि सिन्हा ने बताया कि शहर में विवि के 26 अध्ययन केंद्र विभिन्न कॉलेजों में मौजूद है जिन पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www. uprtou. ac. in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर दिये गए ऑनलाइन एडमिशन लिंक पर क्लिक कर अभ्यर्थी सभी कोर्सों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इन सभी कोर्सों में डिस्टेंस मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए एक टॉल फ्री नंबर 1800120111 व क्षेत्रीय हेल्पलाइन नंबर 7525048020 जारी किया गया है।

NBT नवभारत टाइम्स

Text View Comments Email Print

# राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

**एनबीटी संवाददाता,लखनऊः** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जुलाई के दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन ऐडमिशन लिंक पर क्लिक कर अभ्यर्थी सभी कोर्सों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इन सभी कोर्सों में डिस्टेंस मोड में पढ़ाई करवाई जाएगी।

विवि के रीजनल को-ऑर्डिनेटर निलांजलि सिन्हा ने बताया कि शहर में विवि के 26 अध्ययन केंद्र विभिन्न कॉलेजों में मौजूद हैं, जिन पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय अभ्यर्थी को अध्ययन केंद्र का नाम चयनित करना होगा। अध्ययन केंद्र चुनते ही वहां चलने वाले सभी कोर्स दिखने लगेंगे। अगर उनमें से कोई नहीं समझ आ रहा तो दूसरे अध्ययन केंद्र का विकल्प चुन कर वहां के कोर्सों को देख सकते हैं। आवेदन फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट संबंधित अध्ययन केंद्र पर जमा करना होगा। अभ्यर्थी को स्टडी मटीरियल उनके भरे गए पते पर भेज दिया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए एक टॉल फ्री नंबर 1800120111 और क्षेत्रीय हेल्पलाइन नंबर 7525048020 जारी किया गया है। कोई समस्या होने पर अभ्यर्थी इस पर संपर्क कर सकेंगे। शहर के अध्ययन केंद्रों पर 100 से अधिक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। वहीं इस बार से नेशनल कॉलेज स्थित अध्ययन केंद्र भी दोबारा से शुरू हो गया है, अभ्यर्थी उसे भी चुन सकते हैं।

> शहर के 26 अध्ययन केंद्रों के लिए अभ्यर्थी कर सकते हैं अप्लाई

# मुक्त चिंतन
News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

07 जून, 2018


## कार्य परिषद् की 96वीं बैठक

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, कार्य परिषद् की 96वीं बैठक दिनांक 07 जून, 2018 को अपराह्न 03:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

बैठक में डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 आशुतोष गुप्ता, निदेश, विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रोफेसर, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 जी. के. द्विवेदी असि. प्रोफेसर, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, श्री डी0पी0 त्रिपाठी, वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (विशेष आमंत्रित) एवं डॉ0 गिरिजा शंकर शुक्ल, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उपस्थित रहे।








*कार्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

08 जून, 2018

## कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रदेश के 85 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने इलाहाबाद में आज विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र पर छात्रों के लिए शीतल पेयजल, प्रकाश एवं हवा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। कुलपति प्रो0 सिंह के साथ ही विभिन्न परिक्षेत्रों में संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्रेक्षकों एवं उड़ाका दल की टीमें सघन दौरा कर रही है। प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा आयोजित कराने के प्रदेश सरकार के संकल्प को पूरी मुस्तैदी से अमल में लाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान माननीय कुलपति जी के साथ जननायक चन्द्र शेखर विश्वविद्यालय, बलिया के माननीय कुलपति, प्रो0 योगेन्द्र सिंह जी भी मौजूद रहे।











*विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा साथ में जननायक चन्द्र शेखर विश्वविद्यालय, बलिया के माननीय कुलपति, प्रो0 योगेन्द्र सिंह*

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

08 जून, 2018


## वित्त समिति की 36वीं बैठक



उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, वित्त समिति की 36वीं बैठक दिनांक 08 जून, 2018 को अपराह्न 03:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन की ओर से श्री दिलीप कपूर, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0 प्र0 इलाहाबाद, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन की ओर से श्री राघवेन्द्र मिश्र, संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, इलाहाबाद मण्डल, इलाहाबाद, श्री डी0पी0 त्रिपाठी, वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, डॉ0 गिरिजा शंकर शुक्ल, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद एवं डॉ0 जी. के. द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद उपस्थित रहे।









*वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*

कानपुर, शुक्रवार
8 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

बतौर सांसद वेतन-भत्ता नहीं ले सकते शरद यादव } 17
भारतीय अंडर-19 टीम में अर्जुन तेंदुलकर } 23






# मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश शुरू

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2018 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि विवि के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान में ये विवि 800 से अधिक अध्ययन केंद्रों तथा प्रदेश के सभी 11 क्षेत्रीय केंद्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ व फैजाबाद के माध्यम से 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक व मूल्योन्मुखी उच्च शिक्षा के प्रकाश को लोगों के द्वार तक पहुंचा रहा है। विवि से संबधित सभी जानकारी www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध हैं।

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, रविवार 10 जून 2018
www.jagran.com
तीन साल में हर घर में बिजली का स्मार्ट मीटर } 14 जर्मनी के ताज के लिए ब्राजील-अर्जेंटीना खतरा: रोड्रिगेज } 16
नई दिल्ली, रविवार, 10 जून 2018
जागरण सिटी दैनिक जागरण नोएडा
योग और ध्यान से दीर्घायु बनी भरपाई देवी VII www.jagran.com

# यूपीआरटीओयू के नोएडा क्षेत्रीय केंद्र में दाखिला प्रक्रिया शुरू

जागरण संवाददाता, नोएडा : यूपीआरटीओयू (उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय) के अन्य केंद्रों के साथ ही नोएडा क्षेत्रीय केंद्र में भी अकादमिक सत्र 2018 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विश्वविद्यालय ने दूर के विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक टोल-फ्री नम्बर-(1800 120 111 333) उपलब्ध कराया है। प्रदेश के किसी भी स्थान





से कोई भी छात्र टोल-फ्री नम्बर पर अपनी समस्या का समाधान कर सकता है। विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई है। वहीं, परीक्षा, स्व-अध्ययन सामग्री और अंकपत्र आदि सभी गतिविधियों को भी ऑनलाइन कर दिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया के तहत छात्र ऑनलाइन प्रवेश लेकर प्रिन्ट आउट अपने सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र पर जमा कर सकते हैं। विवि वर्तमान में 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा लोगों तक पहुंचा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस बार इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये हैं। सीटों की सीमित संख्या होने के कारण प्रवेश से वंचित शिक्षार्थियों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक एवं कौशल विकास युक्त कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस शैक्षिणिक सत्र से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेन्सिंग, डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) और वैदिक गणित में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा और एकल विषय में दो वर्षीय सर्टिफिकेट कार्यक्रम (कला एवं विज्ञान वर्ग) आदि शुरू किए जा रहे हैं।

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, रविवार 10 जून 2018 गाजियाबाद
www.jagran.com
तीन साल में हर घर में बिजली का स्मार्ट मीटर } 14 जर्मनी के ताज के लिए ब्राजील-अर्जेंटीना खतरा: रोड्रिगेज } 16
नई दिल्ली, रविवार, 10 जून 2018
जागरण सिटी दैनिक जागरण गाजियाबाद
योग और ध्यान से दीर्घायु बनी भरपाई देवी VII www.jagran.com

# यूपीआरटीओयू के नोएडा क्षेत्रीय केंद्र में दाखिला प्रक्रिया शुरू

जासं, नोएडा : यूपीआरटीओयू (उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय) के अन्य केंद्रों के साथ ही नोएडा क्षेत्रीय केंद्र में भी अकादमिक सत्र 2018 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विश्वविद्यालय ने दूर के विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक टोल-फ्री नम्बर-(1800 120 111 333) उपलब्ध कराया है। जिससे छात्र अपनी समस्या का समाधान कर सकते है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई है। वहीं, परीक्षा, स्व-अध्ययन सामग्री और अंकपत्र आदि सभी गतिविधियों को भी ऑनलाइन कर दिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया के तहत छात्र ऑनलाइन प्रवेश लेकर प्रिन्ट आउट अपने सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र पर जमा कर सकते हैं। विवि वर्तमान में 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा लोगों तक पहुंचा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस बार इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये हैं। सीटों की सीमित संख्या होने के कारण प्रवेश से वंचित शिक्षार्थियों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक एवं कौशल विकास युक्त कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस शैक्षिणिक सत्र से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेन्सिंग, डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) और वैदिक गणित में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा और एकल विषय में दो वर्षीय सर्टिफिकेट कार्यक्रम (कला एवं विज्ञान वर्ग) आदि शुरू किए जा रहे हैं।




दैनिक जागरण
नई दिल्ली, रविवार 10 जून 2018 गाजियाबाद
www.jagran.com
तीन साल में हर घर में बिजली का स्मार्ट मीटर } 14 जर्मनी के ताज के लिए ब्राजील-अर्जेंटीना खतरा: रोड्रिगेज } 16

12 जून, 2018

# यूपीआरटीओयू में दाखिला ऑनलाइन होने से परेशानी से बच रहे हैं छात्र

जागरण संवाददाता, नोएडा : यूपीआरटीओयू (उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय) के नोएडा क्षेत्रीय केन्द्र में शैक्षिक सत्र-2018 में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई है। छात्र घर बैठे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन कर सकते हैं। नोएडा की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि जो छात्र ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को नहीं समझ पाते हैं। वे प्रवेश से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए नोएडा के सेक्टर-62 स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। है। विश्वविद्यालय द्वारा चलाया गया योग में डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम काफी लोकप्रिय हो रहा है।

अमर उजाला झांसी युवा
amarujala.com
Youth
झांसी | शनिवार, 9 जून 2018

# झांसी क्षेत्रीय केंद्र पर भी प्रवेश शुरू

झांसी। राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के जुलाई सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। छात्र-छात्राओं के लिए कई रोजगारपरक कोर्स चलाए जा रहे हैं। योग्यता के अनुसार विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। मौजूदा सत्र से झांसी क्षेत्रीय केंद्र पर भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हुई है।

प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं विभिन्न कोर्सों की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर जा सकते हैं। आवेदन की सरल प्रक्रिया के तहत छात्र ऑनलाइन प्रवेश लेकर प्रिंटआउट अपने अध्ययन केंद्र पर जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने इस बार इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा देने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक एवं कौशल विकास युक्त कार्यक्रम शुरू किए हैं। मौजूदा समय में बहुत उपयोगी एवं समसामयिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिपोट सेंसिंग तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगारपरक कार्यक्रमों के तहत डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स, वैदिक गणित में सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा एवं एकल विषय में द्विवर्षीय प्रमाणपत्र कार्यक्रम आदि इस सत्र से शुरू हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के झांसी केंद्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रेखा त्रिपाठी ने बताया कि झांसी क्षेत्रीय केंद्र से चार जिलों में 17 केंद्र कार्यरत हैं।

हिन्दुस्तान

मेरठ 12 जून, 2018

# राजर्षि टंडन मुक्त विवि में जुलाई से प्रवेश शुरू

## ऑनलाइन आवेदन

मेरठ | कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद में शैक्षणिक सत्र जुलाई के प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800120111333 पर ले सकते हैं। बीए, बीकॉम, एमए, एमकाम, पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर, पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक एवं परास्नातक, योगा में सर्टिफिकेट एवं पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट, एमबीए, एमसीए, पीजीडीसीए व नए कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग, डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन जीएसटी, वैदिक गणित में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा और एकल विषय में द्विवर्षीय प्रमाण पत्र कार्यक्रम आदि अनेक कार्यक्रम इस सत्र से प्रारंभ किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. uprtou. ac. in पर जानकारी उपलब्ध है।

अमर उजाला

मेरठ 12 जून, 2018

# यूपीआरटीओयू में प्रवेश प्रारंभ

मेरठ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी इलाहाबाद में शैक्षणिक सत्र जुलाई 2018- 19 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस्माइल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में स्थित यूपीआरटीओयू के रीजनल सेंटर की प्रेस प्रवक्ता डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम, पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर, पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रम, योगा में सर्टिफिकेट एवं पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट, एमबीए, एमसीए, पीजीडीसीए तथा नये कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेन्सिंग, डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन जीएसटी, वैदिक गणित में सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा तथा एकल विषय में दो साल का सर्टिफिकेट कार्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट व 1800120111333 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

इलाहाबाद, गुरुवार
14 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



प्रदेश में बेसिक शिक्षकों के हुए तबादले } 11
जेटली का राहुल पर तंज, विद्वता सीखने से हासिल होती है } 13

## समाजवाद को कागजी सिद्धांत मानते थे पंडित दीनदयाल

**जासं, इलाहाबाद :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने एक मानव के संपूर्ण सृष्टि से संबंध पर व्यापक दृष्टिकोण रखने का काम किया था। वे मानव को विभाजित करके देखने के पक्षधर नहीं थे। यह बातें बुधवार को इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रो. केएन सिंह ने कहीं। वे पंडित दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यानमाला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल समाजवाद और साम्यवाद को कागजी और अव्यावहारिक सिद्धांत के रूप में देखते थे। उनका स्पष्ट मानना था कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में ये विचार न

> भारत को चलाने के लिए भारतीय दर्शन ही कारगर वैचारिक उपकरण हो सकता है

तो भारतीयता के अनुरूप हैं और न ही व्यावहारिक हैं। भारत को चलाने के लिए भारतीय दर्शन ही कारगर वैचारिक उपकरण हो सकता है। चाहे राजनीति का प्रश्न हो, चाहे अर्थव्यवस्था का अथवा समाज की विविध जरूरतों का प्रश्न हो।

इससे पूर्व के सत्र को संबोधित करते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने आर्थिक लोकतंत्र, बाजारवाद, पूंजीवाद, समाजवाद के परिप्रेक्ष्य में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों पर अपने विचार रखे। उन्होंने पूंजीवाद व समाजवाद के विकल्प के रूप में एकात्म मानववाद की महत्ता को रेखांकित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आरपी मित्र ने वस्तु के सदुपयोग, मस्तिष्क पर नियंत्रण, विचारों के उद्‌भव, शिक्षकों के दायित्व आदि पर दीन दयाल के विचार रखे। अतिथियों का स्वागत कुलपति प्रो. राजेंद्र प्रसाद व कुलसचिव डॉ. साहब लाल मौर्य व वित्त अधिकारी धर्मेंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने विभिन्न सत्रों में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य विश्वविद्यालय की उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने किया।

महानगर
वर्ष 21 | अंक 359 | पृष्ठ : 16
मूल्य : पांच रुपये

# अमर उजाला

इलाहाबाद
बृहस्पतिवार, 14 जून 2018

amarujala.com

ऐतिहासिक मैच भारत-अफगानिस्तान के बीच टेस्ट मैच बंगलूरू में आज से...13

उत्तर प्रदेश

## एकात्म मानवतावाद की महत्ता को किया रेखांकित

**इलाहाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वावधान में दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में हुए इस कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के आर्थिक विकास मॉडल व एकात्म मानवतावाद सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।



कार्यक्रम में कुलपति को सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो आर पी मिश्र ने वस्तु के सदुपयोग, मस्तिष्क पर नियंत्रण, विचारों केउद्‌भव केप्रयास, कौशल विकास, अध्यापकों के दायित्व पर विचार रखे। तीनों सत्रों की अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद राज्य विवि केकुलपति प्रो राजेंद्र प्रसाद ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन, संघर्ष, विचारों व वर्तमान परिदृश्य पर विचार रखे।पहले भाग में मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि, जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो.यूपी सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय केआर्थिक विकास मॉडल पर विचार रखे। मुख्य वक्ता बीएचयू, वाराणसी के प्रोफेसर श्याम कार्तिक मिश्र ने उनके विचारों व आज की प्रासंगिकता पर चर्चा की। मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने आर्थिक लोकतंत्र, बाजारवाद आदि के परिप्रेक्ष्य में पंडित उपाध्याय के दृष्टिकोण से अवगत कराया। संचालन दीप्ति मिश्र ने किया।



# जनसंदेश टाइम्स



## मुविवि में दो दिवसीय चलेगा योगाभ्यास सत्र

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित शैक्षणिक भवन हाल एवं बरामदे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7.30 बजे योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कुलसचिव प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल ने बताया कि योग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में 19 एवं 20 जून को प्रातः 7.30 बजे दो दिवसीय योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, परामर्शदाताओं, कर्मचारियों एवं छात्रों के साथ-साथ जनसामान्य भी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने योगाभ्यासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ चादर लेकर आयें। विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम की लोकप्रियता को देखते हुये त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। गत सत्र में योग कार्यक्रम में अप्रत्याशित प्रवेश होने के कारण इस बार भी विश्वविद्यालय प्रवेशार्थियों की सुविधा के लिए पहले से जागरूक है। त्रिदिवसीय योगाभ्यास का यह कार्यक्रम योग की महत्ता को प्रतिपादित करेगा और योग्य योग गुरुओं के सानिध्य में इस कार्यक्रम का लाभ जनमानस को मिलेगा।

# दैनिक जागरण

नगर संस्करण

www.jagran.com



सरकार हासिल करेगी राजकोषीय घाटे का लक्ष्य } 17

सरकार नहीं घटाएगी पेट्रोल-डीजल के दाम } 13

## मुक्त विश्वविद्यालय में योगाभ्यास 19 से

इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सुबह 7:30 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया है। कुलसचिव प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में 19 व 20 जून को सुबह 7:30 बजे दो दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, परामर्शदाताओं, कर्मचारियों एवं छात्रों के साथ जनसामान्य भी प्रतिभाग कर सकते हैं। योगाभ्यास के लिए अपने साथ चादर लाना अनिवार्य है। यह कार्यक्रम योग्य योग गुरुओं के मार्गदर्शन में चलेगा।

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ
19 जून, 2018







उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम से पूर्व विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र शिव हर्ष किसान पी0जी0 कालेज, बस्ती में योगाभ्यास शिविर में योग क्रिया करते हुए छात्र एवं छात्रायें।

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

19 जून, 2018


## कुलपति ने किया पूर्वान्चल के परीक्षा केन्द्रों का दौरा

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की सत्र जून–2018 की परीक्षाओं में इलाहाबाद में मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र में दो नकलचियों को नकल करते हुये पकड़ा। विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रदेश के सभी केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने पूर्वांचल के जिलों के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं नकल विहीन तथा शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का कड़ा निर्देश दिया।

ज्ञातव्य है कि प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। 29 मई 2018 से प्रारम्भ हुई परीक्षा 7 जुलाई 2018 तक आयोजित की जायेगी।

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के लिए शीतल जल एवं प्रकाश एवं पंखें की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कुलपति प्रो0 सिंह ने आज देवरिया के श्री रैनाथ ब्रहमदेव डिग्री कालेज, सलेमपुर सहित कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इधर इलाहाबाद में सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्षों की टीम ने दो नकलचियों को रंगे हाथ पकड़ा। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के निर्देशों का कढ़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है।




*देवरिया के श्री रैनाथ ब्रहमदेव डिग्री कालेज, सलेमपुर परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।*







राम स्वरुप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पुखरायां, कानपुर देहात (परीक्षा केन्द्र– एस–223)



महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज, मुजफ्फरनगर (परीक्षा केन्द्र S-1044)



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर (परीक्षा केन्द्र– एस–079)


परख सच की

जनसंदेश टाइम्स









# कुलपति के दौरे से नकलचियों में खलबली, दो पकड़ाये

जनसंदेश न्यूज

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जून 2018 की प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों पर चल रही परीक्षाओं में इलाहाबाद के मुक्त विवि सरस्वती परिसर परीक्षा केन्द्र में दो नकलचियों को पकड़ा गया। गौरतलब है कि प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। 29 मई से प्रारम्भ हुई परीक्षा सात जुलाई तक आयोजित की जायेगी। कुलपति ने मंगलवार को पूर्वांचल जिलों के कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं नकलविहीन तथा शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का कड़ा निर्देश दिया।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा.प्रभात मिश्रा ने बताया कि कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मंगलवार को देवरिया के श्री रैनाथ ब्रह्मदेव डिग्री कालेज, सलेमपुर सहित कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इधर इलाहाबाद में सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्षों की टीम ने दो नकलचियों को रंगे हाथ पकड़ा। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है।



# मुक्त विश्वविद्यालय में आनलाइन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र जुलाई-2018 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का शुभारम्भ करते हुये कहा कि सूचना एवं तकनीकी के इस युग में विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय 800 से अधिक अध्ययन केन्द्रों तथा प्रदेश के सभी 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद के माध्यम से 98 विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापरक एवं मूल्योन्मुखी उच्च शिक्षा के प्रकाश को लोगों के द्वार तक पहुंचा रहा है।

प्रो0 सिंह ने कहा कि भारत सरकार की 'डिजिटल इंडिया' मुहिम को सार्थकता प्रदान करते हुये विश्वविद्यालय ने प्रवेश, परीक्षा, स्व-अध्ययन सामग्री, अंकपत्र, अधिन्यास आदि समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया है। विश्वविद्यालय छात्रों में ज्ञान के साथ-2 कौशल का विकास करने के लिए नवाचारी व्यवस्थाओं द्वारा उच्च शिक्षा को व्यावहारिक आयाम प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय ने दूरस्थ विद्यार्थियों के श्रम एवं अर्थ के अपव्यय को दृष्टिगत रखते हुये एक टोल-फ्री नम्बर-(1800 120 111 333) उपलब्ध कराया है। प्रदेश के किसी भी स्थान से कोई भी छात्र टोल-फ्री नम्बर पर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट "डब्लू डब्लू डब्लू यूपीआरटीओयू डॉट एसी डॉट इन" पर उपलब्ध है। आवेदन की सरल प्रक्रिया के तहत छात्र ऑनलाइन प्रवेश लेकर प्रिन्ट आउट अपने सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र पर जमा कर सकते हैं।

प्रवेश प्रभारी डॉ0 आर0पी0एस0 यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस बार इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये हैं। परम्परागत विश्वविद्यालयों में सीटों की सीमित संख्या होने के कारण प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक एवं कौशल विकास युक्त कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। वर्तमान में अत्यन्त उपयोगी एवं समसामयिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगारपरक कार्यक्रमों के तहत डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेन्ट, सर्टीफिकेट इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (सी0जी0एस0टी0), वैदिक गणित में सर्टीफिकेट तथा डिप्लोमा तथा एकल विषय में द्वि-वर्षीय प्रमाण पत्र कार्यक्रम (कला एवं विज्ञान वर्ग) आदि अनेक कार्यक्रम इस सत्र से प्रारम्भ किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय का योग कार्यक्रम काफी लोकप्रिय हो रहा है। योग के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व एवं विश्वविद्यालय में संचालित योग में डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की लोकप्रियता को देखते हुए इसके व्यावहारिक प्रशिक्षण पर बल देने का संकल्प विश्वविद्यालय ने लिया है।

मुक्त चिंतन News Letter
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ
20 जून, 2018

## कुलपति ने किया सुल्तानपुर के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह की सत्र जून–2018 की परीक्षाओं विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रदेश के सभी केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रदेश के कई जिलों में परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं नकल विहीन तथा शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का कड़ा निर्देश दिया।

ज्ञातव्य है कि प्रदेश के 11 क्षेत्रिय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। 29 मई 2018 से प्रारम्भ हुई परीक्षा 7 जुलाई 2018 तक आयोजित की जायेगी। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है।


कुलपति प्रो0 सिंह ने आज राणा प्रताप डिग्री कालेज, सुल्तानपुर का औचक निरीक्षण किया । इसके पूर्व अपने पूर्वांचल के दौरे में उन्होंने देवरिया के श्री रैनाथ ब्रहमदेव डिग्री कालेज, सलेमपुर सहित कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय के निर्देशों का कढ़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है। कुलपति प्रो0 सिंह ने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के लिए शीतल जल एवं प्रकाश एवं पंखें की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।



*राण प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुल्तानपुर परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।*











राण प्रताप स्नातकोत्तर

महाविद्यालय,

सुल्तानपुर

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

करते हुए

माननीय कुलपति

प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।

इलाहाबाद, शुक्रवार, 01 जून, 2018

जनसंदेश टाइम्स
परख सच की

'संविधान दिवस' मनाने अमित शाह जाएंगे जम्मू - 13

इलाहाबाद सिटी

# कुलपति ने किया कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के सत्र जून 2018 की परीक्षाएं प्रदेश के सभी केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रदेश के कई जिलों में परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं नकल विहीन तथा शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का कड़ा निर्देश दिया। ज्ञातव्य है कि प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 60 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 86 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। 29 मई से प्रारम्भ हुई परीक्षा सात जुलाई तक आयोजित की जायेगी। कुलपति ने आज राणा प्रताप डिग्री कालेज, सुल्तानपुर का औचक निरीक्षण किया। इसके पूर्व अपने पूर्वांचल के दौरे में उन्होंने देवरिया के श्री रैनाथ ब्रह्मदेव डिग्री कालेज, सलेमपुर सहित कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया।

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद


उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

21 जून, 2018




## शिक्षा व्यवस्था के लिए वरदान है योग– कुलपति

### मुविवि में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन



उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून, 2018 को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर योग परामर्शदाता डॉ0 अमित कुमार सिंह ने योग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुये योगासन क्रिया को संतुलित जीवन शैली का आधार बताया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य' का विमोचन किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने इस अवसर पर कहा कि योग ही एक ऐसा मार्ग है जिससे तनावमुक्त, पीड़ामुक्त, बीमारीमुक्त, स्वस्थ जीवन प्राप्त किया जा सकता है। वैज्ञानिकों और चिकित्सा शास्त्रियों ने भी एक स्वर से स्वीकार किया है कि आज मानव स्वास्थ्य के लिए योग का अनुशीलन आवश्यक ही नहीं बल्कि अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि योग शिक्षा हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसीलिए केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में योग विज्ञान को प्रमुखता से सम्मिलित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रो0 सिंह ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास सत्र निरन्तर चलाये जायें। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सिंह की धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह डॉ0 ओम जी गुप्ता, डॉ0 पी0पी0 दुबे, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रो0 सुंधान्शु त्रिपाठी, डॉ0 जी0के0 द्विवेदी, डॉ0 श्रुति, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योग क्रिया करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी




















*योगासन क्रिया  कराते हुएयोग परामर्शदाता डॉ0 अमित कुमार सिंह*









*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योग क्रिया करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी*












*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योग किया करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी*





















*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योग क्रिया करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी*

















अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर

डॉ0 जी0के द्विवेदी, डॉ0 श्रुति एवं डॉ0 जी0एस0 शुक्ल द्वारा सम्पादित

'' योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य''

पुस्तक का विमोचन करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं माननीय कुलपति जी की धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह जी।

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

21 जून, 2018






## क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

दिनांक 21 जून, 2018 को प्रातः 07:30 बजे उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्री रमेश चन्द जी द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर कानपुर की क्षेत्रीय निदेशक, डॉ0 अलका वर्मा, क्षेत्रीय केन्द्र के सभी कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।








*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्रिया करते हुए कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें*

# मुक्त चिंतन

News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

21 जून, 2018


## क्षेत्रीय केन्द्र फैजाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

दिनांक 21 जून, 2018 को प्रातः 07:30 बजे उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र फैजाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानपुर की क्षेत्रीय निदेशक, डॉ0 शशि भूषण त्रिपाठी, क्षेत्रीय केन्द्र के सभी कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।





*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्रिया करते हुए अधिकारी, कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें*





# मुक्त चिंतन News Letter

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

21 जून, 2018


दिनांक 21 जून, 2018 को प्रातः 07:30 बजे उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास कर जन जागरण किया जिसकी कुछ झलकियां निम्नवत हैं–







*विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर (S-079) में योगाभ्यास करते हुए छात्र एवं छात्रायें।*







*विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र राम स्वरुप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पुखरायां, कानपुर देहात (एस–223) में योगाभ्यास करते हुए छात्र एवं छात्रायें।*

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

21 जून, 2018


## क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

दिनांक 21 जून, 2018 को प्रातः 07:30 बजे उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र विपिन बिहारी पी0जी0 कालेज, झाँसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानपुर की क्षेत्रीय निदेशक, डॉ0 रेखा त्रिपाठी, क्षेत्रीय केन्द्र व अध्ययन केन्द्र के कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।













*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्रिया करते हुए अधिंकारी, कर्मचारी, छात्र एवं छात्रायें*

दैनिक जागरण
inext

# वैदिक मैथमेटिक्स में कॅरियर बना पूरा कर सकेंगे सपना

GORAKHPUR (20 June): अगर आप बारहवीं पास हैं और डिप्लोमा इन वैदिक मैथमेटिक्स (डीवीएम) में अपना कॅरियर संवारना चाहते हैं तो राजर्षि टंडन यूनिवर्सिटी ने डीवीएन कोर्स लॉन्च किया है. यह कोर्स राजर्षि टंडन के सभी स्टडी सेंटर पर पढ़ने को मिलेगा. इसके लिए बस कैंडिडेट्स को आवेदन करने की जरूरत है.



"डिप्लोमा इन वैदिक मैथमेटिक्स बारहवी पास स्टूडेंट्स के लिए बेहतर कोर्स है. इस तरह के कोर्स से निश्चित तौर पर कैंडिडेट्स को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी.

**प्रो. केएन सिंह,**
वीसी, राजर्षि टंडन यूनिवर्सिटी

## क्या है उद्देश्य

बता दें, राजर्षि टंडन यूनिवर्सिटी इलाहाबाद के वीसी प्रो. केएन सिंह ने बताया कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य भारतीय गणित का इतिहास, भारतीय गणितज्ञों का योगदान एवं विश्व को गणित के क्षेत्र में भारत की देन से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराकर उसमें गौरव का भाव जागृत करना है. प्राचीन काल से भारत में गणित की उज्जवल परंपरा दिखाई देती है. अतीत से वर्तमान तक के वैदिक गणित के संबंध में स्वामी भारीतकृष्ण तीर्थ संस्कृत में सोलह सूत्रों एवं तेरह उपसूत्रों की रचना कर उनके प्रयोग से गणित के प्रश्नों का हल करने की रोचक विधियों को बताया गया है. जो वर्तमान गणित शिक्षण को सरल एवं रोचक बनाती है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है.



इलाहाबाद, शुक्रवार, 22 जून, 2018

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

आम चुनाव पर प्लान बना रहे शाह - 15

श्रीकांत स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर बने -13




## इलाहाबाद

# शिक्षा व्यवस्था के लिए योग एक वरदानः कुलपति

### योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य पुस्तक का हुआ विमोचन

जनसंदेश न्यूज



पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग परामर्शदाता डा. अमित कुमार सिंह ने योग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुये योगासन क्रिया को संतुलित जीवन शैली का आधार बताया। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक ह्लयोग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्यह्ल का विमोचन भी हुआ।

इस अवसर पर कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि योग ही एक ऐसा मार्ग है जिससे तनाव मुक्त, पीड़ा मुक्त, बीमारी मुक्त स्वस्थ जीवन प्राप्त किया जा सकता है। वैज्ञानिकों और चिकित्सा शास्त्रियों ने भी एक स्वर से स्वीकार किया है कि आज मानव स्वास्थ्य के लिए योग का अनुशीलन आवश्यक ही नहीं बल्कि अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि योग शिक्षा हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसीलिए केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में योग विज्ञान को प्रमुखता से सम्मिलित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास सत्र निरन्तर चलाये जायें। अंत में कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डा.सुनीता सिंह ने पुस्तक का विमोचन भी किया। डा.ओमजी गुप्ता, डा. पी.पी दुबे, डा. पी.के पाण्डेय, प्रो. आरपीएस यादव, प्रो.सुधान्शु त्रिपाठी, डा. जी.के द्विवेदी, डा.श्रुति, डा.अभिषेक सिंह, डा.अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

**दैनिक जागरण**

तालिबान को वार्ता के लिए तैयार नहीं कर रहा पाक } 20 ब्राज़ील को उम्मीद, खेलेंगे नेमार } 18

## कैमरे की नजर में योग



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में योग करते वीसी प्रो. केएन सिंह व अन्य सहकर्मी।

**अमर उजाला**

रिश्ते की बात दस नवंबर को शादी कर सकते हैं दीपिका-रणवीर...12 उत्तर प्रदेश

## योग का संगम

### शिक्षकों और छात्रों ने लिया स्वस्थ रहने का संकल्प

मुक्त विश्वविद्यालय में योग परामर्शदाता डॉ. अमित कुमार सिंह ने योगासान सिखाए। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह और पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'योग, विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य' का विमोचन किया।



गुरुवार, 21 जून 2018

**हिन्दुस्तान**

### वैदिक गणित में करिए पढ़ाई, प्रवेश शुरू

मेरठ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में वैदिक गणित में सर्टिफिकेट सहित विभिन्न कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेरठ क्षेत्रीय दफ्तर के अंतर्गत आने वाले स्टडी सेंटर पर छात्र विभिन्न कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। छात्र-छात्राएं कोर्स के बारे में अधिक जानकारी आईएन कॉलेज स्थित रीजनल सेंटर से भी संपर्क कर सकते हैं। जुलाई सत्र में 98 कोर्स में प्रवेश का विकल्प रहेगा। छात्र यूनिवर्सिटी के टोल फ्री नंबर 1800120111333 पर भी संपर्क कर सकते हैं।



*रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद, बिजनौर (परीक्षा केन्द्र S-1077) में परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी*

# मुक्त चिंतन
News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

23 जून, 2018







मंचासीन माननीय अतिथि

## इक्कीसवी सदी की दलित राजनीति एवं चुनौतियां'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार

गोविन्द वल्लभ पन्त सामाजिक सस्थान झूंसी, इलाहाबाद में दिनांक 23 जून 2018 को '' इक्कीसवी सदी की दलित राजनीति एवं चुनौतियां'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, मा0 कुलपति उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, मुख्य वक्ता डॉ0 लालजी प्रसाद निर्मल, मा0 राज्यमंत्रि उ0प्र0 सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अम्बेडकर महासभा लखनउ, विशिष्ट अतिथि डॉ0 के0डी0 चौधरी, वरिष्ठ चिकित्सक व प्रसिद्ध समाजसेवी पटना बिहार, श्री रमा शंकर भारती, उपनिदेशक, रोजगार एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 रहे।

विषय प्रवर्तन प्रो0 कौलेश्वर प्रियदर्शी, डॉ0 आम्बेडकर समाज से विभूषित एवं वरिष्ठ समाजशास्त्री गोरखपुर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय प्रकाश सरोज ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







*डॉ0 आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए माननीय कुलपति जी एवं माननीय कुलपति जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेमिनार के सदस्यगण।*

# समाज के प्रयासों से होता है कुशल व्यक्ति का निर्माण – प्रो. के.एन. सिंह

गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में '21वीं सदी में दलित राजनीति एवं चुनौतियां' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.एन. सिंह ने भौगोलिक दशाओं पर बात करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के क्षेत्र में भारत के समृद्ध होने का जिक्र किया। उन्होंने भारत के सभी क्षेत्रों में अच्छे लोगों के अभाव का उल्लेख किया. साथ ही कहा कि कुशल व्यक्ति का निर्माण सत्ता द्वारा नहीं होता।यह समाज के प्रयासों से निर्मित होता है। उन्होंने समाज, परिवार और स्वयंसेवकों की भूमिका और कार्यशैली पर विस्तार से बात की।

सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉक्टर लाल जी प्रसाद निर्मल, राज्यमंत्री/ अध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति वित्त एवं विकास निगम लि. उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर महासभा लखनऊ,ने अपने संबोधन में दलित शब्द के प्रयोग पर कहा कि दोष शब्दों का नहीं सोच का है।जो जाति पहले अस्पृश्य थी उसके साथ कोई भी शब्द इस्तेमाल किया जाता है तो वो अपमानजनक हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि "यदि मैं मुख्यमंत्री होता तो शपथ के पहले दिन से यह सर्वे कराता कि 70 सालों में दलितों को घर क्यों नहीं मिला? जिसे भी घर और जमीन नहीं मिली है, मैं सुनिश्चित करता कि उसे ये सारी सुविधाएं मिलें। उन्होंने दलितों के लिए चलायी जा रही स्वरोजगार योजना का भी जिक्र किया. जिसमें 20 हजार से 15 लाख तक की राशि दी जाती है. उन्होंने कहा कि इसका लाभ दलितों को लेना चाहिए। उन्होंने कहा “सबको आरक्षण से समृद्ध नहीं बनाया जा सकता. उससे केवल मुट्ठी भर लोगों का कल्याण हो सकता है।इसलिए दलितों को स्वरोजगार की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

सेमिनार को पूर्व मंत्री रामानंद भारती ने भी संबोधित किया. उन्होंने चुनौतियों के समाधान पर जोर दिया. साथ ही ‘दलित’ शब्द के प्रयोग करने पर अपना विरोध दर्ज कराया।उन्होंने यह भी कहा कि सबसे बड़ी समस्या दलितों का एक साथ न बैठना है। सेमिनार को अन्य लोगों ने भी संबोधित किया और डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने पर जोर दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अजय प्रकाश सरोज ने अपने वक्तव्य में कहा कि दलित नौजवानों को अपना कौशल विकास कर रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में जाना चाहिए.उन्होंने यह भी कहा कि दलित राजनीति में उपेक्षा का शिकार हो रही जातियों को एकजुट कर वैकल्पिक दलित राजनीति को मजबूत करें और डॉ. अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करें.कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अम्बेडकर महासभा लखनऊ के घटक ‘अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न निवारण एवं सशक्तिकरण केंद्र’ के इलाहाबाद जिले के प्रभारी अजय प्रकाश सरोज ने किया. इस अवसर में माननीय राज्यमंत्री डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने पूर्व राज्यमंत्री श्री रामानंद भारती एवं ‘चक हरिहर वन’ गाँव के तीन दशक से अजेय प्रधान श्री शीतला प्रसाद जी को समाज और राजनीति में इनके विशिष्ट कार्यों के लिए ‘विशिष्ट सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया।

इसी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. एन. सिंह और राज्यमंत्री माननीय लाल जी प्रसाद निर्मल ने संयुक्त रूप से संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे श्री अजय प्रकाश सरोज को सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के लिए ‘उत्कृष्ट सेवा सम्मान’ से सम्मानित किया. साथ ही सेमिनार में सक्रिय भागीदारी और सामाजिक, राजनीतिक और अकादमिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने के लिए जी.बी. पन्त सामाजिक विज्ञान संस्थान की पीएच.डी. स्कॉलर संजू सरोज के साथ अलग-अलग क्षेत्र में काम करने के लिए असिस्टेंट प्रो. धर्मेन्द्र भारतीय, ज्योति भारती, डॉ. हमेन्द्र वर्मा, डॉ. सुधा, नीरज पासी, संजीव पुरुषार्थी, सुनील कुमार, डॉ. यशवंत. मनोज कुमार, कार्यक्रम संचालक रामयश विक्रम, साक्षी सिंह, रामसुचित भारती, अरुण कुमार आदि को ‘सम्मान पत्र’ देकर सम्मानित किया गया. संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन डॉ. कौलेश्वर प्रियदर्शी ने किया. सबका धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन श्री अजय प्रकाश सरोज ने किया।




दैनिक जागरण

**कुशल व्यक्ति का निर्माण सत्ता द्वारा नहीं होता**

जासं, इलाहाबाद/झूंसी : गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में शनिवार को ‘21वीं सदी में दलित राजनीति एवं चुनौतियां’ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार में अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद ‘निर्मल’ ने कहा कि आज अनुसूचित जाति केवल वोट बैंक बनकर रह गया है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि के कुलपति प्रोफेसर केएन सिंह ने देश के सभी क्षेत्रों में अच्छे लोगों के अभाव का उल्लेख किया। पूर्व मंत्री रामानंद भारती ने दलित समाज की चुनौतियों के समाधान पर जोर दिया। संचालन अजय कुमार सरोज ने किया।

इलाहाबाद, रविवार
24 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 22+4+2=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

नैपकीन की मदद से सुलझा 32 साल पुराना मामला } 18
अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को लीगल नोटिस } 21

# वार्षिक समारोह में एएमए की नई कार्यकारिणी की घोषणा

जासं, इलाहाबाद : इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अपना वार्षिक समारोह शनिवार को सिविल लाइंस स्थित होटल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि के कुलपति प्रो. केएन सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास कार्यों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मुक्त विवि विश्वविद्यालय छात्रों को किस प्रकार रोजगार परक उच्चतम कोटि की शिक्षा उपलब्ध करवाता है। अनेक कॉलेज इस विश्वविद्यालय से संलग्न हुए हैं। इस अवसर पर विभव बाजपेयी को एसोसिशन का नया अध्यक्ष चुना गया। एसोसिएशन के महासचिव रवि प्रकाश स्वागत करते हुए मुख्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट स्कूलों के छात्र छात्राएं यहां प्रबंधकीय कार्यशाला और सेमिनार से लाभान्वित होते हैं। अध्यक्ष विभव बाजपेयी ने 2018-19 के लिए नामित कार्यकारिणी सदस्यों के नामों की घोषणा की। जिनमे अरुण कुमार प्रसाद, महासचिव, रवि प्रकाश और आशीष कुमार, उपाध्यक्ष, प्रमोद बंसल कोषाध्यक्ष और शलभ कुमार, सह सचिव के पद पर नामित किए गए। कार्यक्रम में एसोसिएशन के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. केके. भूटानी, डॉ. शांति चौधरी, प्रो. एसपी. गुप्ता, के एनएन सिंह और डा. एनसी एन सी अग्रवाल शामिल रहे। संचालन एके प्रसाद ने किया।


इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की वर्षिक महासभा में बोलते वक्ता।

इलाहाबाद, सोमवार
25 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



सड़क परियोजनाओं के लिए बैंकरों को मनाएंगे गडकरी } 13
इंग्लैंड के गोलों से दहला पनामा } 14

# पारंपरिक परिधान में होगा मेधा का सम्मान

जासं, इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) के 13वें दीक्षांत समारोह की तिथि तय कर दी गई है। राज्यपाल राम नाईक ने इसे मंजूरी दे दी है। यह समारोह 18 सितंबर को मदन मोहन मालवीय दीक्षांत समारोह प्रांगण, फाफामऊ में होगा।

समारोह के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि समारोह में उपस्थित होने के लिए पारंपरिक परिधान/वेशभूषा का निर्धारण किया गया है। पुरुष शिक्षार्थियों के लिए सफेद कुर्ता-धोती या सफेद कुर्ता-पायजामा व महिला शिक्षार्थियों के लिए हलके पीले रंग की महरून बार्डर वाली साड़ी व ब्लाउज या सलवार कुर्ता तय किया गया है। दीक्षांत समारोह से पूर्व एक सप्ताह तक दीक्षांत व्याख्यानमाला चलाई जाएगी। प्रो. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का ऑडिटोरियम निर्माणाधीन है। हमें उम्मीद है तबतक बनकर तैयार हो जाएगा। इस बार ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह को आयोजित करने की योजना है। परिधान के अतिरिक्त शिक्षार्थियों को समारोह के एक दिन पहले 17 सितंबर को सुबह 10 से सायं चार बजे के बीच गंगा परिसर में उपस्थित होकर अंगवस्त्र प्राप्त करना होगा। निर्धारित अंगवस्त्रम होने पर ही दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी। समारोह में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 सितंबर निर्धारित की गई है।

**टोल फ्री नंबर पर ले सकते हैं जानकारी** : दीक्षांत समारोह या किसी पाठ्यक्रम संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा चालू किए गए टोल फ्री नंबर 1800120111333 पर फोन कर लिया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने यह टोल फ्री नंबर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इसी वर्ष चालू किया है। इसका मकसद है कि छात्र किसी भी तरह की जानकारी इस नंबर पर फोन कर प्राप्त कर सकें।

इलाहाबाद, मंगलवार
26 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



राज्यों को कर्ज में मिली राहत } 15
अर्जेंटीना को बड़ी जीत की दरकार } 16

## युवा जागरण

396 अभ्यर्थी पीसीएस मेंस भूगोल विषय की परीक्षा से रहे गायब
13 जून को हुई थी परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के अंतर जिला तबादले की शुरुआत



# यूपीआरटीओयू के छात्र अब ऑनलाइन कर सकेंगे पढ़ाई

जागरण संवाददाता● इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) के छात्र अब कहीं भी और कभी भी अपनी सुविधा के अनुसार लेक्चर को सुन और देख सकेंगे। जो छात्र किसी कारणवश कक्षाएं नहीं ले सकते उनको सुविधा देने के लिए विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण विषयों के लेक्चर को यू-ट्यूब पर ऑनलाइन करने का फैसला किया है। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए कई स्मार्ट क्लास तैयार किए हैं जहां लेक्चर रिकॉर्ड होंगे।

मुक्त विश्वविद्यालय में चल रहे कोर्सेज में जो भी छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वे घर बैठे एक क्लिक पर पूरा लेक्चर ऑनलाइन सुन पाएंगे। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय ने स्मार्ट क्लासरूम बनाया है। स्मार्ट क्लास रूम में कोर्स के पर्सनल कांटेक्ट प्रोग्राम के तहत छात्रों को दिए जाने वाले लेक्चर को रिकार्ड किया जाएगा।

रिकार्ड किए गए सभी लेक्चर को यू-ट्यूब पर अपलोड कर छात्रों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। यू-ट्यूब पर अपलोड इस वीडियो को छात्र कभी भी अपनी सुविधा के अनुसार सुन सकेंगे। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि इस सुविधा से हजारों छात्रों को पढ़ाई में लाभ मिलेगा। इससे वह घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे।

## सुविधा

- यूपीआरटीओयू ने सभी लेक्चर ऑनलाइन करने का फैसला किया
- स्मार्ट क्लास में रिकॉर्ड होंगे प्रमुख विषयों के लेक्चर, विद्यार्थियों को होगी सहूलियत

## 50 हजार छात्रों को मिलेगा फायदा

कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय में इस समय 50 हजार से अधिक छात्र प्रदेश भर के सैकड़ों अध्ययन केंद्रों पर अध्ययनरत हैं। स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के अलावा प्रोफेशनल कोर्सेज भी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बीएड, स्पेशल बीएड, एमबीए व एमसीए प्रमुख है। इसके अलावा कई डिप्लोमा कोर्सेज व सर्टिफिकेट कोर्सेज भी संचालित हैं। यू-ट्यूब के माध्यम से छात्रों को कोर्स से जुड़े लेक्चर ऑनलाइन उपलब्ध करवाने से उन छात्रों को सुविधा मिलेगी, जो प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों से मुक्त विश्वविद्यालय में ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में छात्र कई बार कक्षाओं में भाग नहीं ले पाते हैं। अब कक्षा न लगने पर छात्र अपने विषय से जुड़े लेक्चर को एक क्लिक पर ऑनलाइन देख सकेंगे।


हिन्दी दैनिक
इलाहाबाद एक्सप्रेस
....सच का आधार

वर्ष : 9 अंक : 88 इलाहाबाद, बुधवार 27 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपया
विविध :राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर... | विचार : देश के साथ-ऐसा फिर कभी न ... | विविध :उम्मीद है मैंने आपके दिलों के थोड़ा ...


# मुविवि में जनसुनवाई प्रकोष्ठ का हुआ गठन

इलाहाबाद, 26 जून (हि.स.)। शासन द्वारा स्थापित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर जनसुनवाई के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये मुक्त विश्वविद्यालय में आईजीआरएस जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। उक्त जानकारी कुलसचिव प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल ने देते हुए बताया कि यह प्रकोष्ठ नित्य प्रति जनसुनवाई सन्दर्भों को सम्बन्धित विद्याशाखा, विभाग अनुभाग एवं जिस प्रकोष्ठ से सम्बन्धित प्रकरण है, उसके सहयोग से अपने स्तर से निस्तारित करायेगा। उपकुलसचिव डा. राजेश पाण्डेय को इस प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है तथा राजेश पाठक, प्रवीण पाण्डेय, घनश्याम यादव, मोहितोष कुमार, रवि दुबे तथा शहबाज अहमद आदि उनका सहयोग करेंगे। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रहित को सर्वोपरि मानते हुए तत्काल प्रभाव से इस प्रकोष्ठ का गठन किया है। इसके पूर्व कुलपति प्रो.सिंह ने विश्वविद्यालय में टोल फ्री नं. 1800 120 111 333 का शुभारम्भ किया था। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से विश्वविद्यालय न पहुंच पाने वाले छात्रों एवं जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण टोल फ्री के माध्यम से किया जा रहा है। अब आईजीआरएस जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन होने से ऑनलाइन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में और तेजी आयेगी ।



परख सच की
जनसंदेश टाइम्स

नीतीश के लिए बंद हैं दरवाजे : तेजस्वी - 15


# मुविवि में जनसुनवाई प्रकोष्ठ का हुआ गठन

इलाहाबाद। शासन द्वारा स्थापित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर जनसुनवाई के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये मुक्त विश्वविद्यालय में आईजीआरएस जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

उक्त जानकारी कुलसचिव प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल ने देते हुए बताया कि यह प्रकोष्ठ नित्य प्रति जनसुनवाई सन्दर्भों को सम्बन्धित विद्याशाखा, विभाग अनुभाग एवं जिस प्रकोष्ठ से सम्बन्धित प्रकरण है, उसके सहयोग से अपने स्तर से निस्तारित करायेगा। उपकुलसचिव डा. राजेश पाण्डेय को इस प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है तथा राजेश पाठक, प्रवीण पाण्डेय, घनश्याम यादव, मोहितोष कुमार, रवि दुबे तथा शहबाज अहमद आदि उनका सहयोग करेंगे।

कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रहित को सर्वोपरि मानते हुए तत्काल प्रभाव से इस प्रकोष्ठ का गठन किया है। इसके पूर्व कुलपति प्रो.सिंह ने विश्वविद्यालय में टोल फ्री नं. 1800 120 111 333 का शुभारम्भ किया था। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से विश्वविद्यालय न पहुंच पाने वाले छात्रों एवं जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण टोल फ्री के माध्यम से किया जा रहा है। अब आईजीआरएस जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन होने से ऑनलाइन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में और तेजी आयेगी।


दैनिक जागरण
इलाहाबाद, बुधवार
27 जून 2018
नगर संस्करण
www.jagran.com
मुंबई हमले मामले में शरीफ को नोटिस जारी } 15 | शाहरुख खान को ऑस्कर अकादमी का न्योता } 18


# अब 'आइजीआरएस' से होगा समस्याओं का समाधान

जागरण संवाददाता, इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में शिक्षण, प्रशिक्षण, अध्ययन सहित किसी भी समस्या का समाधान अब जनसुनवाई प्रकोष्ठ (आइजीआरएस) से हो सकेगा। शासन द्वारा स्थापित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर शिकायत किए जाएंगे। प्रकोष्ठ निर्धारित समय में समस्या का समाधान करेगा। विश्वविद्यालय टोलफ्री नंबर के माध्यम से सभी समस्या का समाधान करने की पहल कर चुका है।

मुक्त विवि से संबंधित किसी भी प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में आइजीआरएस प्रकोष्ठ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रहित को सर्वोपरि मानते हुये तत्काल प्रभाव से इस प्रकोष्ठ का गठन किया है। कुलपति का कहना है कि विश्वविद्यालय में अंकपत्र, डिग्री, पाठ्यक्रम, मान्यता एवं विभिन्न प्रकार की समस्याएं आती रहती हैं। मुख्यालय सहित प्रदेश में स्थापित क्षेत्रीय केंद्र एवं जिलों के अध्ययन केंद्र इस योजना से लाभांवित होंगे। विश्वविद्यालय से संबंधित समस्या के लिए टोलफ्री नंबर का गठन किया जा चुका है।


अमर उजाला
इलाहाबाद
बुधवार, 27 जून 2018
amarujala.com | माल्या बोला मुझे बैंक धोखाधड़ी का पोस्टर ब्वाय बना दिया...16 | उत्तर प्रदेश


# जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से संबंधित मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली के तहत जनसुवाई प्रकोष्ठ का गठन कर दिया गया है। ने तत्काल प्रभाव से प्रकोष्ठ का गठन कर दिया है। कुलसचिव प्रो. गिरजा शंकर शुक्ल के अनुसार यह प्रकोष्ठ संबंधित विद्याशाखा, विभाग, अनुभाग एवं प्रकोष्ठ से जुड़ी समस्याओं का उनके सहयोग से निराकरण करेगा। उपकुलसचिव डॉ. राजेश पांडेय को प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है और राजेश पाठक, प्रवीण पांडेय, घनश्याम यादव, मोहितोष कुमार, रवि दुबे एवं शहबाज अहमद उनका सहयोग करेंगे। कुछ दिनों पहले कुलपति ने विश्वविद्यालय में टोल फ्री नंबर '1800 120 111 333' की भी शुरुआत की थी।

इलाहाबाद, बुधवार
27 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



मुंबई हमले मामले में शरीफ को नोटिस जारी } 15
शाहरुख खान को ऑस्कर अकादमी का न्योता } 18

## आइजीआरएस से समस्याओं का समाधान

जागरण संवाददाता, इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में शिक्षण, प्रशिक्षण, अध्ययन सहित किसी भी समस्या का समाधान अब जनसुनवाई प्रकोष्ठ (आइजीआरएस) से हो सकेगा। शासन द्वारा स्थापित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर शिकायत किए जाएंगे। प्रकोष्ठ निर्धारित समय में समस्या का समाधान करेगा। विश्वविद्यालय टोलफ्री नंबर के माध्यम से सभी समस्या का समाधान करने की पहल कर चुका है।

मुक्त विवि से संबंधित किसी भी प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में आइजीआरएस प्रकोष्ठ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रहित को सर्वोपरि मानते हुये तत्काल प्रभाव से इस प्रकोष्ठ का गठन किया है। कुलपति का कहना है कि विश्वविद्यालय में अंकपत्र, डिग्री, पाठ्यक्रम, मान्यता एवं विभिन्न प्रकार की समस्याएं आती रहती हैं। मुख्यालय सहित प्रदेश में स्थापित क्षेत्रीय केंद्र एवं जिलों के अध्ययन केंद्र इस योजना से लाभांवित होंगे। विश्वविद्यालय से संबंधित समस्या के लिए टोलफ्री नंबर का गठन किया जा चुका है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से विश्वविद्यालय न पहुंच पाने वाले छात्रों एवं जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण टोलफ्री नम्बर के माध्यम से किया जा रहा है। जनसुनवाई प्रकोष्ठ का गठन होने से ऑनलाइन शिकायत एवं समस्याओं के निस्तारण के संबंध में अधिक तेजी आएगी। कुलसचिव प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल ने बताया कि यह प्रकोष्ठ नित्य प्रति जनसुनवाई संदर्भों को संबंधित विद्या शाखा, विभाग अनुभाग एवं जिस प्रकोष्ठ से संबंधित प्रकरण है, उसके सहयोग से अपने स्तर से निस्तारित कराएगा।

**गुरुवार,28 जून, 2018** पिछले अंक

जिन्सन ने 42 साल पुराना श्रीराम सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा पेज 15
अंतरिक्ष देश असगार्डिया के मुखिया बने इगोर पेज 16

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

रिपोर्ट आधारहीन

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन संबंधी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट को प्रायोजित और आधारहीन बताया है।



गुरुवार, 28 जून 2018, इलाहाबाद, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 9, अंक 152, 18 पेज, मूल्य ₹5.00, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2075

## मुक्त विवि के बीएड इंट्रेंस का परिणाम घोषित

इलाहाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

### काउंसिलिंग 17 से

- राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने जारी किये परिणाम
- एक जुलाई को विवि के वेबसाइट पर अपलोड होगा प्रवेश परामर्श पत्र

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र 2018-19 में प्रवेश के लिए आयोजित बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www. uprtou. ac. in** पर उपलब्ध है। सभी सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 से 20 जुलाई 2018 तक सरस्वती परिसर में होगी।

बीएड में प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 जुलाई को क्रमशः सुबह 10 व दोपहर बाद 3 बजे से होगी। इसी प्रकार ओबीसी पुरुष एवं महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को सुबह 10 बजे तथा एससी/एसटी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को 2 बजे से होगी। बीएड प्रतीक्षा सूची के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को 3 बजे से होगी।

इसी प्रकार बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश के लिए सफल सामान्य वर्ग के पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 19 जुलाई को क्रमशः सुबह 10 बजे एवं 3 बजे से होगी। ओबीसी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 20 जुलाई को सुबह 10 बजे तथा एससी, एसटी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 20 जुलाई को दो बजे से होगी। सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश परामर्श पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एक जुलाई को अपलोड किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक

इलाहाबाद एक्सप्रेस

....सच का आधार

वर्ष : 9 अंक : 89 इलाहाबाद, गुरूवार 28 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपया





विविध :प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब कभी ... | विचार : लागत घटाने के लिए क्या करें ... | विविध :प्रियंका ने निक जोनस को बताया ...



# मुविवि का बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

## काउंसिलिंग 17 जुलाई से

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र 2018-19 में प्रवेश के लिए आयोजित बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट 'डब्लूडब्लूडब्लू डाट यूपीआरटीओयू.एसी.इन' पर उपलब्ध है। मुक्त विवि के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा.प्रभात चन्द्र मिश्र के अनुसार विश्वविद्यालय ने काउंसिलिंग का शिड्यूल जारी कर दिया है। सभी सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 से 20 जुलाई तक सरस्वती परिसर में आयोजित की जाएगी। बीएड में प्रवेश के लिये सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग 17 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे तथा सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड में अति पिछड़ा वर्ग पुरूष एवं महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की 18 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे तथा अनुसूचित जाति पुरूष एवं महिला वर्ग, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की दोपहर 2 बजे से होगी। बीएड प्रतीक्षा सूची के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश के लिए सफल सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 19 जुलाई से प्रातः 10 बजे एवं सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे होगी। बीएड विशिष्ट शिक्षा के अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरूष एवं महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की 20 जुलाई को दो बजे से होगी। उन्होंने बताया है कि सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश परामर्श पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में एक जुलाई को अपलोड कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अर्हता की जांच स्वयं कर अपने प्रवेश परामर्श पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर निर्धारित स्थान एवं समय पर समस्त अभिलेख व शुल्क के साथ उपस्थित हों। सीटे रिक्त होने की दशा में 21 जुलाई को शेष अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद ।।सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।

इलाहाबाद, गुरुवार 28 जून 2018 नगर संस्करण मूल्य ₹ 6.00 पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

www.jagran.com



आपात पेट्रो भंडारण में 65 लाख टन की वृद्धि } 15 सिविल मामलों में रात में दबिश न दे पुलिस } 11

# बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, काउंसिलिंग 17 से होगी

**जागरण संवाददाता, इलाहाबाद :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा में मेरिट में आए अभ्यर्थियों की सूची पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 से 20 जुलाई तक सरस्वती परिसर में आयोजित की जाएगी। बीएड में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 जुलाई को सुबह 10 बजे होगी। सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दोपहर इसी दिन दोपहर तीन बजे से होगी। बीएड में अति पिछड़ा वर्ग पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों, अनुसूचित जाति पुरूष एवं महिला वर्ग, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेंस कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को होगी। बीएड प्रतीक्षा सूची के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को दोपहर 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश 19 जुलाई को होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरूष एवं महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेंस कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों के दाखिले 20 जुलाई को होगी। सीटे रिक्त होने की दशा में 21 जुलाई को शेष अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

इलाहाबाद, गुरुवार, 28 जून, 2018

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

इलाहाबाद, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

सिंधू दूसरे दौर में – 13

## मुविवि का बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, काउंसिलिंग 17 जुलाई से

जनसंदेश न्यूज

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र 2018-19 में प्रवेश के लिए आयोजित बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सफल अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट 'डब्लूडब्लूडब्लू डाट यूपीआरटी ओयूएसीइन' पर उपलब्ध है। मुक्त विवि के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डाप्रभात चन्द्र मिश्र के अनुसार विश्वविद्यालय ने काउंसिलिंग का शिड्यूल जारी कर दिया है। सभी सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 से 20 जुलाई तक सरस्वती परिसर में आयोजित की जाएगी। बीएड में प्रवेश के लिये सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग 17 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे तथा सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड में अति पिछडा वर्ग पुरूष एवं महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की 18 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे तथा अनुसूचित जाति पुरूष एवं महिला वर्ग, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की दोपहर 2 बजे से होगी। बीएड प्रतीक्षा सूची के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश के लिए सफल सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियो की काउंसिलिंग 19 जुलाई से प्रातः 10 बजे एवं सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की अपरान्ह 3 बजे होगी। बीएड विशिष्ट शिक्षा के अन्य पिछडा वर्ग के पुरूष एवं महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेन्स कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की 20 जुलाई को दो बजे से होगी। उन्होंने बताया है कि सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश परामर्श पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में एक जुलाई को अपलोड कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अर्हता की जांच स्वयं कर अपने प्रवेश परामर्श पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर निर्धारित स्थान एवं समय पर समस्त अभिलेख व शुल्क के साथ उपस्थित हों। सीटे रिक्त होने की दशा में 21 जुलाई को शेष अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

इलाहाबाद, गुरुवार
28 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



आपात पेट्रो भंडारण में 65 लाख टन की वृद्धि } 15

सिविल मामलों में रात में दबिश न दे पुलिस } 11

## बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, काउंसिलिंग 17 से

**यूपीआरटीओयू**

जागरण संवाददाता, इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि के बीएड एवं बीएड (विशिष्ट शिक्षा) का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा में मेरिट में आए अभ्यर्थियों की सूची पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 से 20 जुलाई तक सरस्वती परिसर में आयोजित की जाएगी।

बीएड में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 17 जुलाई को सुबह 10 बजे होगी। सामान्य महिला वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दोपहर इसी दिन दोपहर तीन बजे से होगी। बीएड में अति पिछडा वर्ग पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों, अनुसूचित जाति पुरूष एवं महिला वर्ग, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेंस कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को होगी। बीएड प्रतीक्षा सूची के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 18 जुलाई को दोपहर 3 बजे से होगी। इसी प्रकार बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश 19 जुलाई को होगा। अन्य पिछडा वर्ग के पुरुष एवं महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता सेनानी वर्ग, डिफेंस कोटा तथा शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के अभ्यर्थियों के दाखिले 20 जुलाई को होगी। सीटे रिक्त होने की दशा में 21 जुलाई को शेष अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

# AMAR UJALA ALLAHABAD 28-06-2018



## मुक्त विवि बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**इलाहाबाद।** राजर्षि टंडन मुक्त विवि के सत्र 2018-19 में प्रवेश के लिए हुई बीएड व बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। काउंसलिंग 17 से 20 जुलाई तक होगी। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 17 जुलाई को सुबह 10 व इसी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दोपहर तीन बजे से होगी। इसी तरह ओबीसी अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 18 को सुबह 10 और एससी-एसटी, स्वतंत्रता सेनानी, डिफेंस व विकलांग की काउंसलिंग दोपहर दो बजे से होगी। प्रतीक्षा सूची के एससी अभ्यर्थियों की काउंसलिंग तीन बजे से होगी। बीएड विशिष्ट शिक्षा में सामान्य वर्ग की काउंसलिंग 19 को सुबह 10 व महिला अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दोपहर तीन बजे से होगी। ओबीसी अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 20 जुलाई को सुबह 10 और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दोपहर दो बजे से होगी।

# मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

28 जून, 2018


## शान्ति से आयोजित हुई योग की परीक्षाएं



विश्वविद्यालय स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हए माननीय कलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की सत्र जून–2018 की परीक्षा के दौरान आज योग कार्यक्रम की परीक्षा में प्रदेश में 11 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों की बढ़ी संख्या को देखते हुये इलाहाबाद में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर के अतिरिक्त दो अन्य विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाना पड़ा । पूरे उत्तर प्रदेश में सभी केन्द्रों पर योग की परीक्षायें शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया तथा परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

इलाहाबाद में योग में डिप्लोमा एवं योग में परास्नातक डिप्लोमा में पंजीकृत 1600 परीक्षार्थियों के लिये सरस्वती परिसर के अतिरिक्त बी0बी0एस0 इण्टरनेशनल स्कूल गोहरी तथा शिवगंगा विद्या मंदिर फाफामऊ में बनाये गये परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं शिक्षकों की टीम उपस्थित रही। फाफामऊ क्षेत्र में शिक्षार्थियों की बढ़ी हुई संख्या को देखकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक प्रबन्ध किये थे।

परीक्षायें तीन पालियों में प्रातः 7 से 10 बजे तक, दोपहर 11 से 2 बजे तक तथा सायं 3 से 6 बजे बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहें हैं।








*विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी*



रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद, बिजनौर (परीक्षा केन्द्र S-1077) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी



राम स्वरुप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पुखरायां, कानपुर देहात (परीक्षा केन्द्र– एस–223) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर (परीक्षा केन्द्र– एस–079) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी।




हिन्दी दैनिक

# इलाहाबाद एक्सप्रेस

....सच का आधार

वर्ष : 9 अंक : 89 इलाहाबाद, गुरूवार 28 जून 2018 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपया




विविध :अमित शाह का आरोप, देश के ... | विचार : अमरनाथ यात्रा पर इस्लामी कहर... | विविध :धूम 4 में सलमान खान की एंट्री....

## प्रदेश के केन्द्रों पर योग की परीक्षा में उमड़े परीक्षार्थी



इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के सत्र जून-2018 की परीक्षा के दौरान गुरूवार को योग कार्यक्रम की परीक्षा में प्रदेश में 11 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए इलाहाबाद में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर के अतिरिक्त दो अन्य विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाना पड़ा। पूरे उत्तर प्रदेश में सभी केन्द्रों पर योग की परीक्षायें शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुईं। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया तथा परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। योग में डिप्लोमा एवं योग में परास्नातक डिप्लोमा में पंजीकृत 1600 परीक्षार्थियों के लिये सरस्वती परिसर के अतिरिक्त बीबीएस इण्टरनेशनल स्कूल गोहरी तथा शिवगंगा विद्या मंदिर फाफामऊ में बनाये गये परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं शिक्षकों की टीम उपस्थित रही। फाफामऊ क्षेत्र में शिक्षार्थियों की बढ़ी हुई संख्या को देखकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक प्रबन्ध किये थे। उक्त परीक्षायें तीन पालियों में प्रातः 7 से 10, दोपहर 11 से 2 तथा सायं 3 से 6 बजे बजे तक आयोजित की जा रही हैं। प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहें हैं।




इलाहाबाद, शुक्रवार, 22 जून, 2018

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की


अगले मैचों में सभी को अवसर देने का प्रयास करेंगे: विराट -13



टेनिस खेलना शुरू किया तो लोगों ने कसे ताने - 13

www.jansandeshtimes.net

# इलाहाबाद सिटी

## प्रदेश के केन्द्रों पर योग की परीक्षा में उमड़े परीक्षार्थी

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के सत्र जून-2018 की परीक्षा के दौरान गुरूवार को योग कार्यक्रम की परीक्षा में प्रदेश में 11 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए इलाहाबाद में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर के अतिरिक्त दो अन्य विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाना पड़ा। पूरे उत्तर प्रदेश में सभी केन्द्रों पर योग की परीक्षायें शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया तथा परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। योग में डिप्लोमा एवं योग में परास्नातक डिप्लोमा में पंजीकृत 1600 परीक्षार्थियों के लिये सरस्वती परिसर के अतिरिक्त बीबीएस इण्टरनेशनल स्कूल गोहरी तथा शिवगंगा विद्या मंदिर फाफामऊमें बनाये गये परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं



निरीक्षण करते कुलपति

शिक्षकों की टीम उपस्थित रही। फाफामऊ क्षेत्र में शिक्षार्थियों की बढ़ी हुई संख्या को देखकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक प्रबन्ध किये थे। उक्त परीक्षायें तीन पालियों में प्रातः 7 से 10, दोपहर 11 से 2 तथा सायं 3 से 6 बजे बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केन्द्रों इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा, झांसी, नोएडा, मेरठ तथा फैजाबाद से सम्बद्ध 800 अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत लगभग 50 हजार शिक्षार्थी प्रदेश में स्थित 85 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहें हैं।

मुक्त चिंतन News Letter
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Allahabad
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ
30 जून, 2018

# डॉ0 इति तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदायी समारोह का आयोजन



*डॉ0 इति तिवारी*

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में समाज विज्ञान विद्याशाखा में एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र डॉ0 इति तिवारी के आज सेवानिवृत्त होने पर विदायी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने उन्हें अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ0 ओमजी गुप्ता, डॉ0 पी0पी0 दुबे, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, डॉ0 आशुतोष गुप्ता, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रो0 सुधान्शु त्रिपाठी, डॉ0 राजेश पाण्डेय, डॉ0 जी0के0 द्विवेदी, डॉ0 रमेश यादव आदि ने डॉ0 इति तिवारी को एक कुशल शिक्षक एवं समाज वैज्ञानिक बताते हुये उनके व्यक्तित्व की सराहना की। डॉ0 रूचि बाजपेयी ने उनके सम्मान में काव्यपंक्तियां प्रस्तुत की । डॉ0 रमेश यादव ने रामायण पुस्तक भेंट की। डॉ0 एस0कुमार ने उनके सम्मान में प्रशस्ति वाचन किया। संचालन डॉ0 स्मिता अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो0 जी0एस0 शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उन्हें पुष्पहार देकर स्वागत किया। विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने डॉ0 इति तिवारी के सरलतापूर्ण व्यवहार की सराहना करते हुये उनके सुखद जीवन की कामना की। ज्ञातव्य हो कि डॉ0 इति तिवारी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद के पूर्व निदेशक डॉ0 एम0डी0 तिवारी की पत्नी हैं। डॉ0 इति ने अपने माता–पिता की स्मृति में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में समाजशास्त्र में स्नातक एवं परास्नातक विषय में सर्वोच्च अंक प्रदान करने वाली छात्रओं को स्वर्ण पदक प्रदान करने की व्यवस्था की हैं।





*कार्यक्रम का संचालन करती हुई डॉ0 स्मिता अग्रवाल तथा मंचासीन माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं डॉ0 इति तिवारी*













कार्यक्रम में अपने–अपने
विचार व्यक्त करते हुए
डॉ0 ओमजी गुप्ता,
डॉ0 पी0पी0 दुबे,
डॉ0 आर0पी0एस0 यादव,
प्रो0 पी0के0 पाण्डेय,
प्रो0 सुधान्शु त्रिपाठी
एवं
डॉ0 आशुतोष गुप्ता











सभागार में उपस्थित सभी शिक्षक, सभी कर्मचारी एवं सभी अधिकारीगण।




कार्यक्रम में अपने–अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ0 राजेश पाण्डेय




कार्यक्रम में अपने–अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ0 जी0के0 द्विवेदी




कार्यक्रम में अपने–अपने विचार व्यक्त करती हुई डॉ0 रुचि बाजपेई



डॉ0 इति तिवारी को कविता की पंक्तिया भेंट करती हुई डॉ0 रूचि बाजपेयी




डॉ0 रमेश यादव कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए
एवं
डॉ0 इति तिवारी को रामायण पुस्तक भेंट की।







डॉ0 इति तिवारी को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए  माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।







डॉ0 इति तिवारी को पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए  माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।



डॉ0 इति तिवारी के सम्मान में प्रशस्ति वाचन करते हुए डॉ0 एस0कुमार



डॉ0 इति तिवारी के

सम्मान में प्रशस्ति वाचन

भेंट करते हुए

माननीय कुलपति

प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।



























डॉ0 इति तिवारी को

पुष्पहार देकर उनका

स्वागत करते हुए

शिक्षक, कर्मचारी एवं

अधिकारीगण।























डॉ0 इति तिवारी को पुष्पहार देकर उनका स्वागत करते हुए शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारीगण।





कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करती हुई डॉ0 इति तिवारी



प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह



## सरलता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं डॉ0 इति तिवारी–कुलपति

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने कहा कि डॉ0 इति तिवारी सरलता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं। जीवन दृष्टि से ही जीवन सार्थक होता है। डॉ0 इति ने मानवता की सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को स्वीकार कर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान की है। जो अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि डॉ0 इति का मार्गदर्शन मुक्त विश्वविद्यालय को मिलता रहेगा। इस अवसर पर डॉ0 इति तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक क्रियाकलापों को आगे बढ़ाने में सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिला जिसे भुलाया नहीं जा सकता।



*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव प्रो0 जी0एस0 शुक्ला*



*माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी से वार्ता करती हुई डॉ0 इति तिवारी*



Hospitals

इलाहाबाद, रविवार, 1 जुलाई, 2018

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

डॉक्टर डे पर हार्दिक शुभकामनाएं

## इलाहाबाद

# सरलता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं डॉ इति तिवारी: कुलपति

**डा.इति तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदायी समारोह का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

इलाहाबाद। डा. इति तिवारी सरलवा एवं विनम्रवा की प्रतिमूर्वि हैं। जीवन दृष्टि से ही जीवन सार्थक होता है। उन्होंने मानवता की सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को स्वीकार कर अपने जीवन को सार्थकवा प्रदान की है, जो अनुकरणीय है।

उक्त विचार उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान विद्याशाखा में एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र डा. इवि विवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदायी समारोह के अवसर पर कुलपवि प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने व्यक्त किया। कुलपवि ने कहा कि डा.इति का मार्गदर्शन मुक्त विश्वविद्यालय को मिलवा रहेगा। इस अवसर पर डा.इवि तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक क्रियाकलापों को आगे बढ़ाने में सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिला जिसे भुलाया नहीं जा सकता। कुलपवि ने उन्हें अंगवस्त्रम एवं स्मृवि चिन्ह देकर सम्मानिव किया। इस अवसर पर डा.ओमजी गुप्ता, डा. पी.पी दुबे, डा. आरपीएस यादव, डा.आशुतोष गुप्ता, प्रो. पी.के पाण्डेय, प्रो. सुधान्शु त्रिपाठी, डा.राजेश पाण्डेय, डा. जी.के द्विवेदी, डा.रमेश यादव आदि ने डा. इवि तिवारी को एक कुशल शिक्षक एवं समाज वैज्ञानिक बताते हुए उनके व्यक्तित्व की सराहना की। डा. रूचि बाजपेयी ने उनके सम्मान में काव्य पंक्तियां प्रस्तुव की। डा.रमेश यादव ने रामायण पुस्वक भेंट की। डा. एस.कुमार ने उनके सम्मान में प्रशस्वि वाचन किया। संचालन डा.स्मिता अग्रवाल ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. जी.एस शुक्ला ने किया। ज्ञातव्य हो कि डा.इवि विवारी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद के पूर्व निदेशक डा. एम.डी तिवारी की पत्नी हैं। डा. इवि ने अपने माता-पिवा की स्मृवि में उ.प्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षान्व समारोह में समाज शास्त्र में स्नातक एवं परास्नातक विषय में सर्वोच्च अंक प्रदान करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान करने की व्यवस्था की हैं।

डॉ इति को सम्मानित करते कुलपति

SUNDAY | 01.07.2018

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

इलाहाबाद

## सेवानिवृत्ति पर सम्मानित हुईं डॉ. इति



इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान विद्याशाखा में एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र डॉ. इति तिवारी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके रिटायरमेंट पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया और कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथा सिंह ने उन्हें अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्नन देकर सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि डॉ. इति तिवारी सरलता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने मानवता की सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को स्वीकार कर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान की जो अनुकरणीय है। इस मौके पर डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. आरपीएस यादव डॉ. आशुतोष गुप्ता, प्रो. पीके पांडेय, प्रो. सुधांशु त्रिपाठी, डॉ. राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ला ने किया।

अमर उजाला

इलाहाबाद CITY | इलाहाबाद । रविवार । 1 जुलाई 2018

## सेवानिवृत्ति पर सम्मानित हुईं डॉ. इति तिवारी

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान विद्याशाखा में एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र डॉ. इति तिवारी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके रिटायरमेंट पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया और कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथा सिंह ने उन्हें अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्नन देकर सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि डॉ. इति तिवारी सरलता एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने मानवता की सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को स्वीकार कर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान की जो अनुकरणीय है। इस मौके पर डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. आरपीएस यादव डॉ. आशुतोष गुप्ता, प्रो. पीके पांडेय, प्रो. सुधांशु त्रिपाठी, डॉ. राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. जीएस शुक्ला ने किया।

दैनिक जागरण

www.jagran.com

इलाहाबाद जागरण | www.jagran.com | 3

## डॉ. इति तिवारी सेवानिवृत्त

वि. इलाहाबाद : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान विद्या शाखा में एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र डॉ. इति तिवारी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके लिए शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने उन्हें अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. पीपी दुबे, डॉ. आरपीएस यादव, डॉ. आशुतोष गुप्ता, प्रो. पीके पांडेय, प्रो. सुधान्शु त्रिपाठी, डॉ. राजेश पांडेय, डॉ. जीके द्विवेदी, डॉ. रमेश यादव आदि रहे।